बाबौ आ गयौ रे

ओ३म् भूर्भुव स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात्॥

# सरहद केसरी

Postal No. FZR/03/2022-24 E-mail: sarhad.kesri@gmail.com

17 मई 2024, शुक्रवार (04 ज्यैष्ठ 2081) अंकः 306 पृष्ठ:8 वर्ष :20 मूल्य : 2/-

95925-00112, 97790-00122, 83858-00000, 01638-502828




## सीए सुशील जैन की पौत्री अरिशा जैन सीबीएसई दसवीं में आमी स्कूल में रही टॉपर

- सभी विषयों में हासिल किया ग्रेड-ए, गणित में हासिल किए 100 में से 100 अंक
- सीए सुशील जैन की पौत्री व अभिनंदन जैन की बेटी है अरिशा जैन
- होनहार बेटी की उपलब्धि पर जैन परिवार को बधाई देने वालों का लगा तांता



**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो) :** स्थानीय आर्मी पब्लिक स्कूल की दसवीं कक्षा की होनहार छात्रा, सीए सुशील जैन की पौत्री व अभिनंदन जैन-नेहा की बेटी अरिशा जैन ने सीबीएसई बोर्ड द्वारा घोषित दसवीं कक्षा के परिणाम में स्कूल में पहला स्थान हासिल कर परिवार, विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया है। होनहार छात्रा ने आईटी विषय को छोड़कर सभी विषयों में ग्रेड-ए प्राप्त किया है जोकि उसकी मेहनत, समर्पण और दृढ इरादे को दर्शाता है। जानकारी अनुसार छात्रा ने इंग्लिश लिटरेचर में 100 में से 95 अंक, हिंदी कोर्स-बी में 98 अंक, मैथ में 100 में से 100 अंक, साइंस में 97 अंक, सोशल साइंस में 99 अंक, एडिशनल विषयों में आईटी में 83 अंक व संस्कृत में 91 अंक प्राप्त किए। आज के सख्त मुकाबले में अरिशा जैन अपनी मेहनत से आर्मी पब्लिक स्कूल में टॉपर रही है। इस शानदार उपलब्धि पर पूरे जैन परिवार को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

## राणा सोढ़ी द्वारा जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार की शुरूआत



**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** भारतीय जनता पार्टी के फिरौजपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी ने आज विधानसभा हलका जलालाबाद में विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। राणा सोढ़ी ने 16 मई को जलालाबाद हलके के गांव अराइयां वाला से सुबह अपने प्रचार अभियान की शुरूआत की। उसके बाद सुबह 9 बजे वह गांव ढंडी खुर्द, ढंडी कदीम, ढाणी दुल्ला सिंह, साढ़े 9 बजे प्रभात सिंह वाला उताड़ और प्रभात सिंह वाला हिठाड़, 10 बजे गांव आलम के, बग्घे के, संतोख सिंह, वाला, साढ़े 10 बजे मोहर सिंह वाला, 11 बजे हजारा राम सिंह, साढ़े 11 बजे फत्तू वाला, 12 बजे जोधा भैणी, दोपहर 1 बजे मंडी घुबाया, डेढ़ बजे चक्क खीवा, जल्ले लक्खे के हिठाड़, दोपहर 2 बजे लमोचड़ खुर्द, मौजे वाला, 2.30 बजे लमोचड़ कलां व दोपहर 3 बजे भंबा वट्टू में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उनके साथ भाजपा नेता पूर्ण चंद मुजैदिया, दर्शन वधवा, मंडल प्रधान जगतार सिंह, हरबंस सामा, बलविंदर सिंह कटियांवाला, अजय बजाज, सचिन धूड़िया अन्य भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विधायक गोल्डी कंबोज द्वारा काका कंबोज के पक्ष में गांवों का तूफानी दौरा



- गोल्डी कंबोज ने गांव सिंघेवाला सैनियां के पूर्व सरपंच स्व. जगराज सिंह के परिवार समेत अन्य परिवारों को किया शामिल

**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** क्षेत्रीय विधायक जगदीप कंबोज गोल्डी द्वारा आप प्रत्याशी काका कंबोज के पक्ष में गांव लक्खे के मुसाहिब, हमीर सैदे के, चुघां, खुंड वाला सैनियां, खुंडवाला, सिंघेवाला सैनियां, रंगीला, खलचियां, ढाणी मोहरा राम व चक्क सोतरियां बंदीवाला में चुनाव प्रचार करते हुए वोटों की अपील की गई। इस दौरान गोल्डी कंबोज ने गांव सिंघेवाला सैनियां के पूर्व सरपंच स्व. जगराज सिंह के परिवार समेत अन्य परिवारों को आप में शामिल कर उनका स्वागत किया। उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार की दो वर्षों की उपलब्धियों को गिनाते हुए आम आदमी पार्टी प्रत्याशी काका कंबोज के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

## विधायक सवना ने मौजम के पांच पंचायत सदस्यों को आप में शामिल कर कांग्रेस को दिया झटका

### फाजिल्का हलके से आप प्रत्याशी काका बराड़ को भारी लीड मिलना तय : विधायक सवना



**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** क्षेत्रीय विधायक नरेंद्र पाल सिंह सवना द्वारा लगातार आगे बढ़ाए जा रहे फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से आप प्रत्याशी जगदीप सिंह काका बराड़ के चुनाव अभियान में वीरवार को एक और बड़ी सफलता मिली। गांव मौजम के मौजूदा पंचायत सदस्य अशोक सिंह अपने चार अन्य पंचायत सदस्यों के साथ कांग्रेस छोड़कर आम आदमी पार्टी में शामिल हो गए। विधायक सवना ने खुद गांव मौजम पहुंचकर सभी पंचायत सदस्यों को आप में शामिल किया और उन्हें पार्टी में पूरा मान सम्मान मिलने का विश्वास दिलाया। इस मौके विधायक सवना ने कहा कि जिस तरह से गांव के गांव और शहर के विभिन्न वार्डों से अन्य पार्टियों के चुने हुए प्रतिनिधि और कार्यकर्ता आम आदमी में शामिल हो रहे हैं, उससे फाजिल्का हलके से हमारे प्रत्याशी काका बराड़ को भारी लीड मिलना तय है। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ही एक ऐसी पार्टी है जो आम घरों के बच्चों को राजनीति में आकर सेवा करने का मौका देती है और जनहित के मुद्दों जिसमें शिक्षा, सेहत और रोजगार पर काम करती है। वहीं पार्टी में शामिल हुए अशोक सिंह व अन्य पंचायत सदस्यों ने कहा कि वह आम आदमी पार्टी की नीतियों और विधायक सवना की कार्यशैली से प्रभावित होकर आप में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि वह पार्टी प्रत्याशी काका बराड़ को विजयी बनाने के लिए अपने गांव व आसपास के गांवों से ज्यादा से ज्यादा वोट दिलाने में अपना पूरा योगदान देंगे।

## अबोहर में कांग्रेस को चुनाव प्रचार के लिये नहीं मिल रहे नेता और कार्यकर्ता

- कांग्रेसी विधायक संदीप जाखड़ सहित सभी पार्षद कर रहें है भाजपा का प्रचार



**अबोहर (दीपक मेहता)।** 1 जून को होने जा रहे लोक सभा चुनावों को लेकर एक ओर जहां सभी पार्टियां अपने-अपने कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं वहीं दूसरी ओर पुराने कार्यकर्ताओं से खाली हो चुकी कांग्रेस पार्टी का चुनाव प्रचार फीका नजर आ रहा है। क्योंकि अधिकतर पुराने कांग्रेसी कार्यकर्ता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में चले गए हैं। ऐसे में कांग्रेसी उम्मीदवार घुबाया की जीत भी मुश्किल दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेसी उम्मीदवार शेर सिंह घुबाया कार्यकर्ताओं की कमी महसूस कर रहे हैं। क्योंकि शहरी क्षेत्र में नगर निगम के मेयर सहित अधिकतर वार्डों के पार्षद और अन्य कार्यकर्ता भाजपा में शामिल हो गए थे। इधर कांग्रेसी नेताओं का कहना है कि किसी के पार्टी छोडने से उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता लेकिन आज शहर में कोई भी कार्यकर्ता कांग्रेस के लिए वोट मांगने वाला नहीं है। वहीं कुछ सूत्रों का तो यहां तक कहना है कि घुबाया अपने समाज के जिन वोटरों पर जीत की उम्मीद लगाए हुए हैं उन वोटरों में भी कई उम्मीदवारों ने सेंध लगा ली है। जिससे किसी भी पार्टी का उम्मीदवार एक विशेष समाज के वोटों पर अधिकार नहीं जमा सकता। इधर यह कहना भी गलत नहीं होगा कि मौजूदा कांग्रेसी विधायक संदीप जाखड़ भाजपा के प्रचार में लगातार जुटकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट करने की अपील कर रहे हैं।

## जिले के सभी 829 मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग की जायेगी: डीसी सेनू दुग्गल

- मुख्य चुनाव अधिकारी सी. सिबन द्वारा राज्य के सभी जिला चुनाव अधिकारियों और पुलिस प्रमुखों से की वीडियो कॉन्फ्रेंस
- जिले में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद 43.90 करोड़ रुपये की ड्रग्स या ड्रग मनी बरामद : एसएसपी




**फाजिल्का (दीपक नागपाल):** आज पंजाब के मुख्य चुनाव अधिकारी सी. सिबन द्वारा राज्य के सभी जिला चुनाव अधिकारियों और पुलिस प्रमुखों के साथ की गई वीडियो कॉन्फ्रेंस के बाद जिला डिप्टी कमिश्नर डॉ. सेनु दुग्गल ने कहा कि जिले में चुनाव की तैयारियां चल रही हैं। चुनाव आयोग ने जो शेड्यूल दिया है उनके साथ एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन भी विशेष रूप से मौजूद रहीं। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिले में मॉडल, महिलाएं और युवा मतदान केंद्र बनाएंगे, लेकिन यह पहली बार है कि 4 ग्रीन मतदान केंद्र भी बनाए जाएंगे, जहां मतदान के बाद मतदाताओं को चुनाव आयोग की ओर से पौधे वितरित किए जाएंगे। इसी प्रकार 85 वर्ष से अधिक उम्र के और दिव्यांग मतदाता जो घर से मतदान करने के लिए सहमत हैं, उनके घर जाकर टीमें मतदान करेंगी। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि जिले के सभी 829 मतदान केंद्रों से वेबकास्टिंग की जायेगी। इसके अलावा जरूरत के मुताबिक माइक्रो विजिलेंस की भी तैनाती की जायेगी। उन्होंने बताया कि जिले में सिर्फ 12 एफएसटी और 12 एसएसटी टीमें तैनात की गई हैं, जिससे सिविल सेवा में आने वाली शिकायतों का निपटारा 100 मिनट के अंदर किया जा रहा है। एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि चुनाव के चलते जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 43.90 करोड़ रुपये की ड्रग्स या ड्रग मनी बरामद की गई है। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर जनरल कम एडिशनल जिला चुनाव अधिकारी राकेश कुमार पोपली, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर विकास श अमरेन्द्र सिंह मल्ली, एसडीएम विपन भंडारी, पंकज बांसल, बलकरण सिंह, नायब तहसीलदार हरप्रीत सिंह गिल भी उपस्थित थे।

## अकाली दल के कार्यकाल में ही पंजाब की प्रगति और विकास हुआ: बौबी मान

### अपील, मुझे सांसद बनाकर फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र का सर्वपक्षीय विकास करने का मौका दें



**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** क्षेत्रिय पार्टी शिरोमणि अकाली दल के उम्मीदवार वरदेव सिंह मान बौबी ने एक ब्यान जारी कर कहा कि जिस तरह से वह जनता के बीच मौजूद रह रहे हैं और प्यार दिखा रहे हैं, उन्हें विश्वास है कि पूरे पंजाब के लोग हर जगह पर उनकी क्षेत्रिय पार्टी शिरोमणि अकाली दल बादल को वोट दें और अकाली दल बादल 13 की 13 सीटों पर कब्जा करेगा और संसद में लोगों की आवाज बनेगा। उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 वर्षों में लोगों ने देखा है कि कैसे गरीबों के घर का चूल्हा नहीं जल रहा है और चिट्टे की भरमार हो गई है और चिट्टा घर-घर जाकर बेचा जा रहा हैं और यह आम आदमी पार्टी का कहना है कि हां, जब हमारी सरकार आएगी तो हम दो चरणों में चिट्टे को खत्म कर देंगे। चिट्टा तो खत्म नहीं हो रहा है, लेकिन दिन-ब-दिन लोग जरूर खत्म हो रहे हैं। मान ने कहा कि अकाली दल के कार्यकाल में ही पंजाब की प्रगति और विकास हुआ है। आप सरकार के अढ़ाई साल पूरे हो गए हैं और यह नई सरकार भी पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई है, जिससे लोगों में काफी गुस्सा देखने को मिल रहा है। उन्होंने पंजाब की 13 सीटों पर अकाली दल की जीत का दावा करते हुए कहा कि मेरे पिता स. श्री जोरा सिंह अकाली दल के एक दृढ़ सिपासलाहर रहे हैं और लगातार तीन बार सांसद बने और हैट्रिक बनाई और अकाली दल की झोली में सीटें डालीं और इस बार मैं जीतकर अकाली दल की झोली में सीटें डालूंगा।

## आप प्रत्याशी काका बराड़ 18 को अबोहर में अपने कार्यालय का करेंगे उदघाटन: अरूण नारंग



**अबोहर (दीपक मेहता):** आम आदमी पार्टी के अबोहर कार्यालय का उदघाटन 18 मई शनिवार को सुबह 9 बजे हनुमानगढ रोड स्थित सिटी वाक माल की पहली मंजिल पर किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए आप के हल्का इंचार्ज अरूण नारंग ने बताया कि इस कार्यालय का उदघाटन आप के फिरोजपुर प्रतयाशी जगदीप सिंह काका बराड़ खुद अपने कर कमलों से करेंगें। उन्होंनें अधिक से अधिक पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और शहरवासियों को इस शुभ अवसर पर पहुचने की अपील की है। अरूण नारंग ने कहा कि वैसे तो सभी लोगो को आप सरकार की जन हितैषी योजनाओं का लाभ मिल रहा है फिर भी हम आप की नीतियों को घर घर पहुंचाकर काका बराड को अबोहर क्षेत्र से एक बडी लीड दिलवाएंगें।





**फाजिल्का** के वार्ड नंबर 7 में पूर्व सासंद स्व. स जोरा सिंह मान के सुपुत्र एवं लोक सभा फिरोजपुर से शिअद प्रत्याशी नरदेव सिंह बौबी मान लोगों से वोट की अपील करते हुए उनके साथ मौजूद है शिअद हलका इंचार्ज संपूर्ण सिंह, शिअद के प्रदेश नेता एडवोकेट देसराज जंडवालियां, शिअद प्रधान नरेश सेतिश, शिअद नेता परमजीत सिंह, पूर्व अकाली पार्षद सतिंदरी सिंह सवि काठपाल व अन्य।

# अरोड़ा विकास मंच ने डीएवी कॉलेज में भरी एक लड़की की फीस

- मंच कभी भी जरूरतमंद की पहचान नही करता उजागरः सुभाष डोडा
- हर जरूरतमंद अरोड़ा परिवार के साथ खड़ा है मंचः राजीव धूड़िया



**अबोहर (दीपक मेहता):** रोड़ा विकास मंच समाज प्रधान गगन चुघ के नेतृत्व में समाज की बेहतरी के लिये काम कर रहा है और अलग अलग प्रोजेक्ट चला कर अरोड़ा बिरादरी के लोगों का भला कर रहा है।इसी क्रम में अरोड़ा शिक्षा समिति के चेयरमैन राजीव धूड़िया ने बताया अरोड़ा बिरादरी के एक जरूरतमंद परिवार की लड़की जो की डीएवी कॉलेज में पढ़ाई कर रही है और अंतिम वर्ष में है आर्थिक तंगी होने के कारण फीस नही भर पा रही थी।लड़की के परिवार ने संस्था के प्रधान गगन चुघ से सम्पर्क किया और अपनी समस्या बताई जाँच पड़ताल करने के बाद कॉलेज जाकर उसकी फीस भरी गई और उसको रोल नंबर दिलवाया गया। जिसपर उसके परिवार वालों ने अरोड़ा विकास मंच का धन्यवाद किया।इस फीस में 3 गुप्तदानी,सचिन बत्रा,आशा धूड़िया,निखिल भटेजा,रविंदर सिडाना,सुभाष डोडा,अनिल लूना,साहिल अरोड़ा,संजीव सिडाना,राकेश रहेजा व बंटी वढेरा का योगदान रहा। इस मौके पर गगन चुघ, सुभाष डोडा, रविंदर सिडाना, सुभाष ठठई, अनिरुद्ध उपस्थित थे।

# आंगनवाड़ी वर्करों ने फूंका पंजाब सरकार का पुतला



**अबोहर (दीपक मेहता):** ऑल पंजाब आंगनवाड़ी कर्मचारी यूनियन ने राज्य सरकार द्वारा यूनियन की प्रांतीय प्रधान हरगोबिंद कौर को जानबूझ कर परेशान करने के विरोध में आज अबोहर में सीतो रोड़ स्थित बीडीपीओ आफिसर के बाहर पंजाब सरकार का पुतला फूंका।

इस बारे में यूनियन की अबोहर ब्लॉक प्रधान गुरवंत कौर व ब्लाक खुईयां सरवर प्रधान इन्द्रजीत कौर ने कहा कि हरगोबिंद कौर पिछले 31 वर्षों से हमारा नेतृत्व करते हुए आंगनवाड़ी वर्करों और हैल्परों के हकों के लिए सरकार से संघर्ष करती रही और कई बार जेल भी गई। आंगनबाडी वर्करो को मान सम्मान दिलवाने के लिए उन्होंनें अपनी पूरी जिंदगी तक दांव पर लगाई है। समय समय की सरकारों से उन्होंनें कई मांगें पूरी करवाई। लेकिन अब आप सरकार बदले की भावना से काम कर रही है, क्योंकि सरकार द्वारा वर्करों व हैल्परों को लंबे समय से मान भत्ता नहीं दिया जा रहा।

उन्होंनें रोष जताते हुए कहा कि आंगनवाड़ी सेंटरों में भेजा जा रहा राशन भी घटिया गुणवत्ता का है। उन्होंने बताया कि हैल्पर से वर्कर बनी और मिनी वर्कर से फुल वर्कर और नवनियुक्त वर्करों व हैल्परों को पंजाब सरकार द्वारा पूरा मान भत्ता नहीं दिया जा रहा। उन्होने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती कि आंगनबाडी वर्कर और हैल्परों की मांगों को उठाया जाए इसलिए सरकार उनकी प्रधान हरगोबिंद कौर को दबाना चाहती है और विभाग द्वारा बार बार उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं। वे सरकार की गिदड़ धमकियों से डरने वाली नहीं है। और लोकसभा चुनावों में सरकार को सबक सिखाया जाएगा। इधर पुतला फूंक प्रदर्शन के दौरान यूनियन की सुखदीप कौर, शरणजीत, हरदीप, किरन, देसांबाई, विद्या, सीमा, नीतू व रजवंत कौर मौजूद थीं।

# खेत में बैठी 95 वर्षीय महिला पर हमला

## जमीन हड़पने की नीयत में की वारदात, मारपीट कर नहर में फेंकने का प्रयास



**अबोहर (दीपक मेहता):** गांव वरियामखेड़ा मे एक रसूखदार व्यक्ति के कहने पर दर्जनभर युवकों ने खेत में बने कमरे में रहने वाली एक 95 वर्षीय वृद्धा पर बेसबालों से हमला कर उसे घायल कर दिया इतना ही नहीं उक्त युवकों ने उसे नहर में फेंकने का भी प्रयास किया लेकिन किसी द्वारा देख लिए जाने पर हमलावर वहां से भाग निकले। हमले के बाद उक्त युवकों ने इंसटाग्राम पर अपनी फोटो और वीडियो भी डाली जिसमें वे बेसबाल आदि लिए दिखाई दे रहे हैं। घायल वृद्धा को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया गया जहां उसकी हालत गंभीर होने पर उसे रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार 95 साल की कस्तूरी देवी पत्नी मातादीन के पोते राधे श्याम ने बताया कि उसकी दादी के नाम पर 30 एकड़ जमीन आती है और वह खेत में बनी एक झुग्गी में रहती है। उसने आरोप लगाया कि गांव का एक रसूखदार व्यक्ति उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहता है। रसूखदार व्यक्ति ने आज करीब 15-20 गुंडा किस्म के लड़के भेजे जिन्होंनें खेत में उनकी दादी पर ताबड़तोड़ हमला बोल दिया। इसके बाद वे उसकी दादी को नहर में फेंकने जा रहे थे तो किसी के वहां पर आ जाने पर उसे वहीं छोड़कर भाग निकले इसके बाद उक्त व्यक्ति ने ही उसकी दादी को अस्पताल पहुंचाया। जहां उसकी दादी को सांस लेने में दिक्कत आ रही है और डाक्टरों ने उसकी दादी को यहां से रैफर कर दिया है।

इधर राधेश्याम ने बताया कि नहर पर एकत्र हुए उक्त गुंडा किस्म के युवक अक्सर वहीं खडे रहते हैं आज भी हमले से पहले और बाद में उन्होंनें बेसबालों सहित अपनी फोटो और वीडियो इंस्टाग्राम पर डाली हैं। इधर इस बारे में थाना खुईयां सरवर की प्रभारी राजवीर कौर से बात करने पर उन्होंने बताया कि दोपहर साढे 12 बजे ही उन्हें दूसरे पक्ष की ओर से शिकायत मिल गई है कि पहले पक्ष के लोग जबरन उनके खेत पर कब्जा करना चाहते है और उनकी बूढी महिला जबरन उनके खेत में आकर बैठी है। उनके द्वारा भेजी गई वीडियो में वृद्ध महिला खुद पैदल उनके खेत में जाती दिखाई दे रही है। थाना प्रभारी ने कहा कि दस दिन पहले ही पुलिस ने कस्तूरी देव के परिवार पर खेत में जबरन पानी तोडने का मामला दर्ज किया है। इनकी जमीन का केस कोर्ट में चल रहा है। वहीं युवकों द्वारा इंस्टाग्राम पर डाली गई वीडियो बारे पूछे जाने पर उनहोंनें कहा कि अगर युवकों ने ऐसी कोई फुटेज हुल्लडबाजी की डाली है तो उन पर बनती कार्रवाई की जाएगी ।

# श्री रोशन लाल जैन सर्व हितकारी विद्या मंदिर में शत प्रतिशत रहा दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम



**अबोहर (दीपक मेहता):** केंद्र सरकार द्वारा सीबीएसई की दसवीं कक्षा (2023-24) का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें श्री रोशन लाल जैन सर्व हितकारी विद्या ,मंदिर का परिणाम शत प्रतिशत रहा। जिसमें दसवीं कक्षा की कुमारी जसप्रीत ने 92.2 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान, कुमारी स्नेहा ने 91.6 प्रतिशत अंक प्राप्त के दूसरा स्थान तथा कुमारी नीरु ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधान फकीरचंद गोयल ,संरक्षक धनपत सिहाग एवं प्रधानाचार्य जोली मोंगा ने तहे दिल से बधाई देते हुए कहा कि यह सब विद्यार्थियों और अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है । उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों तथा स्टाफ की मेहनत सदका यह विद्यालय सिर्फ शैक्षणिक स्तर पर ही नहीं बल्कि अन्य गतिविधियों जैसे खेलों, योगा आदि में भी दिन दुगनी रात चौगुनी उन्नति कर रहा है । उन्होंने दसवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा भविष्य में भी ऐसी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया।

# वर्कशाप के बाहर खड़ा बाइक दिन दिहाड़े चोरी



**अबोहर (दीपक मेहता):** अबोहर के ऊधम सिंह नगर में कल सुबह दिन दिहाडे एक वर्कशाप के बाहर खड़ा बाईक अज्ञात चोर चुरा ले गया। बाईक मालिक ने सिटी टू पुलिस को सूचना देते हुए चोर को काबू कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को दी शिकायत में गांव केराखेड़ा निवासी राज कुमार पुत्र बीरबल राम ने बताया कि वह अबोहर के ऊधम सिंह नगर में न्यु दुर्गा मोटर वर्कशाप पर काम करता है। कल वह अपने बाईक एचएफ डीलक्स पीबी 22 एम, 7449 पर आया और बाईक बाहर ही खड़ा कर दिया। करीब एक घंटे बाद जब वह कुछ सामान लाने के लिए बाहर आया तो देखा कि उसका बाईक वहां से गायब था। उसने आसपास पता किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला इसक बाद उन्होंने कैमरे चैक किए तो एक युवक उसका बाईक चुराकर ले जाते दिखाई दिया जो कि पहले एक दो बार गली में चक्कर लगाकार रेकी भी करता रहा

# रक्त की जरूरत पड़ने पर किया रक्तदान

- मंदिर हर समय समाज सेवा के लिए तत्पर है : योगी जी



**अबोहर (दीपक मेहता):** श्री संकट हरण बाबा खेत्रपाल वेल्फेयर सोसायटी के संचालक हर्ष कुमार और मंदिर के मुख्य सेवदार योगी ने अस्पताल मे मरीज को रक्त की जरुरत पडने पर रक्तदान कर पुण्य कार्य मे हिस्सा लिया। सेवादार योगी ने बताया कि श्री बाला जी समाज सेवा संघ के अध्यक्ष गगन मल्होत्रा का उन्हें फोन आया कि अभी अस्पताल में किसी मरीज के लिए ब्लड की जरूरत है जिस पर उन्होंनें अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। योगी ने कहा कि जब जब समाज भलाई के लिए किसी तरह की सेवा की जरूरत पड़ेगी तों मंदिर कमेटी संस्था को पूर्ण साथ देगी। इस मौके मंदिर के सदस्य कुलदीप ग्रोवर, हर्ष कुमार, सनी मेहता व अंकुश दाबड़ा मौजूद थे।

# वाटर वर्क्स की डिग्गी में डूबने से 8 वर्ष के बच्चे की मौत

**अबोहर (दीपक मेहता):** निकटवर्ती गांव दुतारा वाली में वाटर वर्क्स की डिग्गी में डूबने से 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। करीब 4 घंटे बाद बच्चे के शव को बाहर निकाला जा सका। जानकारी के अनुसार दुतारा वाली निवासी अंश पुत्र सुनील कुमार 8 वर्ष अपने दो साथियों के साथ वाटर वर्क्स की डिग्गी के निकट खेल रहा था कि अचानक वह डिग्गी में गिर गया। उसके साथ खेल रहे दोनों बच्चों ने इसकी जानकारी घर वालों को दी। काफी मशक्कत के बाद करीब 4 घंटे बाद बुधवार देर शाम को बच्चे को डिग्गी से बाहर निकाला जा सका। बच्चे को अबोहर के सरकारी अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर परिवार वाले रात को ही बिनां पोस्टमार्टम के बच्चे का शव अपने घर ले गए। गांव वासियों ने बताया कि डिग्गी के आसपास न ही कोई चौकीदार तैनात है और न ही डिग्गी के चारों तरफ कोई जाली लगी हुई है।

# बेंगलुरु एफसी को हराकर पंजाब एफसी आर एफ डी एल 2023-24 के फाइनल में पहुंचा



**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** पंजाब एफसी ने मुंबई के रिलायंस कॉरपोरेट पार्क (आरसीपी) में रिलायंस फाउंडेशन डेवलपमेंट लीग (आरएफडीएल) 2023-24 की नेशनल चैंपियनशिप के पहले सेमीफाइनल में बेंगलुरु एफसी को 4-2 से हराया और फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है। निर्धारित समय में खेल गोलरहित बराबरी पर छूटा, लेकिन शंकरलाल चक्रवर्ती की कोचिंग वाली टीम ने अपने सभी चार स्पॉट-किक को गोल में बदलने के बाद पेनल्टी शूटआउट में ब्लूज को हरा दिया । प्रतियोगिता के पहले दो सीजन जीतने के बाद, बेंगलुरू एफसी लगातार तीसरे आरएफडीएल खिताब की ओर अपनी खोज जारी रखने में असमर्थ रहा। अब 18 मई को पंजाब एफसी और ईस्ट बंगाल एफसी के बीच फाइनल मुकाबला होगा। हमने आज रात जिस तरह से खेला उससे एक कोच के रूप में मैं बहुत खुश हूँ। हमने लगभग 70 प्रतिशत कब्ज़ा बनाए रखा, अधिक पासिंग विकल्प तलाशे, और अधिक गोल स्कोरिंग मौके बनाए, पंजाब एफसी के कोच शंकरलाल चक्रवर्ती ने खेल के बाद कहा। बेंगलुरु एफसी के गत चैंपियन होने के बारे में उन्होंने कहा कि, अतीत में क्या हुआ, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।

# सीबीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में संगरूर के लिटल कॉन्वेंट स्कूल की प्रीतिका ने लिए 99 प्रतिशत अंक

## स्कूल के 60 फीसदी विद्यार्थियों ने हासिल किए 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक, स्कूल के प्रधान बोर्ड ने दी बच्चों तथा अविभावकों को बधाई



**संगरूर, नरेश कुमार/अखिलेश बंसल।** सीबीएसई बोर्ड घोषित हुए 10वीं की परीक्षा के परिणाम में संगरूर के लिटल कॉन्वेंट स्कूल के 60 फीसदी विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ज्यादा अंक हासिल किए हैं। टॉपर रहे चार बच्चों में शामिल प्रीतिका ने 99 प्रतिशत, जयदीप और राघव गुप्ता ने 98.2 प्रतिशत और वेधा ने 98 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं।

मीडिया से बात करते स्कूल के निर्देशक फादर फ्रांसिस जेवियर ने बताया कि लिटल कॉन्वेंट संस्था ने अपनी स्थापना के बाद से आज तक के शैक्षिणक इतिहास में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। बेहतरीन दी गई तालीम के चलते प्रदेश में संस्था की पहचान कायम हो सकी है। उन्होंने बताया कि स्कूल के 13 बच्चों द्वारा पंजाबी विषय में, 10 बच्चों द्वारा कंप्यूटर में, 9 बच्चों द्वारा गणित में, अंग्रेजी और सामाजिक विज्ञान विष्य में 1-1 बच्चे नें 100 प्रतिशत अंक हासिल किए गए, जिसको लेकर उन्हें सम्मानित किया गया।

स्कूल के प्रधानाचार्य फादर जगन्नाथन ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते कहा कि यह उपलब्धी बच्चों और अध्यापकों की मेहनत का परिणाम है। संस्था द्वारा हमेशा ही बच्चों के मानसिक एवं प्रगति की तरफ ध्यान दिया जाता है। उन्हें जीवन मूल्य, सहयोग, अनुसाशन, जिम्मेदारी तथा हर एक का सम्मान करना सिखाया जाता है।

# 26 मई को संग्राम रैली के लिए बरनाला में 17 को किसान महिलाएं करेंगी बैठक



**संगरूर, नरेश कुमार।** भारतीय किसान यूनियन एकता उगराहां द्वारा बरनाला में 26 मई को संग्राम रैली का आयोजन होगा। जिसके लिए किसान महिलाएं 17 मई को बरनाला में बैठक करेंगी। यह जानकारी गुरुघर मस्तुआना साहिब संगरूर में हुई बैठक को संबोधित करते भाकियू के ब्लॉक महासचिव जगतार सिंह लाडी ने दी है। इस बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रणजीत सिंह लोंगोवाल कर रहे थे। जिसमें जिला नेता दर्शन सिंह गढ़ाली विशेष रूप से पहुंचे थे। बैठक को संबोधित करते किसान नेताओं ने कहा कि 17 मई 2024 को बरनाला में महिलाओं की एक बैठक रखी गई है, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं जुटेंगी और 26 मई को बरनाला में संग्राम रैली की जा रही है। बैठक में ग्राम इकाइयों को फंड के बारे में जानकारी दी गई और फंड इकट्ठा करने के लिए कहा गया, बैठक में ब्लॉक नेताओं कोषाध्यक्ष करमजीत सिंह मंगवाल हरमेल सिंह लोहाखेड़ा बूटा सिंह लोंगोवाल सुखदेव सिंह रसलदार छन्ना भूपिंदर सिंह बगुआना चमकौर सिंह लाडी करमजीत सिंह के मुख्य सचिव और कार्यकर्ता शामिल हुए

# चुनाव आयोग के आदेश पर एक्सपेंडिचर मॉनिटर ने किया औचक दौरा

## सी-विजिल एप पर अब तक 92 शिकायतें प्राप्त हुईं, 90 का निस्तारण, 2 हटाई गई : व्यय मॉनिटर



**अखिलेश बंसल/प्रमोद कुमार, बरनाला।** चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर लोकसभा संगरूर के लिए नियुक्त किए आईआरएस अमित संजय गुरव ने बरनाला जिला के प्रशास्निक कार्यालय पहुंच जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन एवं मॉनिटरिंग सेल, शिकायत कक्ष का औचक रूप से दौरा किया, जहां पार्टियों एवं प्रत्याशियों के दैनिक मीडिया व्यय एवं समाचार पत्र, टी.वी. चैनलों और सोशल मीडिया पर नजर रखी जाती है। उन्होंने चुनाव से संबंधित विभिन्न दफ्तरों में रिकार्ड का ब्यौरा हासिल किया। इस मौके पर उनके साथ जिला चुनाव अधिकारी श्रीमती पूनमदीप कौर, अतिरिक्त जिला चुनाव अधिकारी अनुप्रिता जोहल और जिला के तमाम सहायक रिटर्निंग अधिकारी भी थे। बाद में उन्होंने अपनी व्यय निगरानी टीमों के साथ जिला के अधिकारियों के साथ बैठक की।

### यह दिए दिशा-निर्देश

व्यय पर्यवेक्षक अमित संजय गुरव ने ड्यूटी चुनाव अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के चुनाव खर्च तथा हर गतिविधियों और क्षेत्र में तैनात प्रचार टीमों के वाहनों पर लगी प्रचार सामग्री पर पैनी नजर रखने को कहा। इसके अलावा सभी प्रकार के खर्चों को नियमानुसार शैडो रजिस्टर में दर्ज करने को भी कहा। व्यय पर्यवेक्षक गुरव ने निगरानी टीमों को चुनाव से संबंधित किसी भी प्रकार के खर्च को छुपाने या कम दिखाने पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि चुनावी बैठकें आदि करने से पहले सहायक रिटर्निंग अधिकारी की मंजूरी लेना जरूरी है। उन्होंने वीएसटी, वीवीटी, एसएसटी, लेखा टीम, शिकायत कक्ष और एमसीएमसी सेल के कामकाज की विस्तृत जानकारी ली।

### सी-विजिल एप से अब तक मिली 90 शिकायते

बैठक को जानकारी देते अतिरिक्त जिला निर्वाचन अधिकारी अनुप्रिता जोहल ने कहा कि सी-विजिल मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से अब तक 90 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनमें से 90 का समाधान 100 मिनट से भी कम समय में किया गया और 2 शिकायतें हटा दी गईं। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी महल कलां एस. डॉ. सतवंत सिंह, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, भदौड़। पूनमप्रीत कौर, सहायक रिटर्निंग अधिकारी बरनाला वरिंदर सिंह, विभिन्न चुनाव सैलों के नोडल अधिकारी, एस.पी. (मुख्यालय) जगदीश बिश्नोई एवं अन्य उपस्थित थे।

# आपका वोट इस बार देश और संविधान को बचाने के नाम पर : अरविंद केजरीवाल



**●मैंने अच्छे स्कूल, मुफ्त इलाज, मुफ़्त बिजली और भ्रष्टाचार पर काम किया, इसलिए मुझे जेल में डाल दिया : अरविंद केजरीवाल ●जब आप वोट डालने जाओ तो ये याद रखना कि आपका एक वोट केजरीवाल की आजादी तय करेगा : अरविंद केजरीवाल ●400 पार का नारे के पीछे बाबा साहब के संविधान को ख़त्म करने की साजिश : अरविंद केजरीवाल**

**●दिल्ली में नारा है – '25 मई, भाजपा गई', पंजाब में अपना नारा हैं, 'पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13–0 : भगवंत मान**

**●हम अरविंद केजरीवाल को दोबारा जेल नहीं जाने देंगे, बाबा साहब के संविधान की रक्षा के लिए हम सबकुछ कुर्बान कर देंगे: कुलदीप धालीवाल**

**चंडीगढ़/अमृतसर (सरहद केसरी ब्यूरो):** आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल गुरुवार को पंजाब के अमृतसर में आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे। आप सुप्रीमो ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ अमृतसर में एक बड़ा रोड शो किया और लोगों से पंजाब की सभी 13 सीटों पर आम आदमी पार्टी को जिताने की अपील की। रोड शो से पहले दोनों मुख्यमंत्रियों और आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल ने स्वर्ण मंदिर और दुर्गियाना मंदिर में मत्था टेका और पंजाब की शांति और समृद्धि के लिए प्रार्थना की। रोड शो में हजारों आप समर्थक पार्टी के झंडे लहराते हुए और





'इंकलाब जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए उनके साथ शामिल हुए। आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान, आप उम्मीदवार कुलदीप सिंह धालीवाल और आप के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. संदीप पाठक ने रोड शो में शामिल होने आए स्थानीय लोगों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। अरविंद केजरीवाल ने अमृतसर के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जेल से बाहर आने के बाद वह तुरंत पंजाब आ गए। जेल में सीएम भगवंत मान से मुलाकात के दौरान वह सबसे ज्यादा पंजाब और यहां के लोगों के बारे में पूछते थे। आपकी खुशी ही मेरी सबसे बड़ी खुशी है। उन्होंने कहा कि इन लोगों ने मुझे जेल में डाल दिया। मैं छोटा आदमी हूं, फिर भी उन्होंने मुझे जेल में डाल दिया। मैं सोच रहा था कि मेरी गलती क्या थी, मुझे जेल में क्यों डाला गया? हमारी पार्टी छोटी है, हमारी केवल दो राज्यों में सरकार है दिल्ली और पंजाब में। मेरी ग़लती क्या है? उन्होंने कहा कि मेरी गलती ये है कि मैंने आपके बच्चों के लिए अच्छी शिक्षा की व्यवस्था की। आपके बच्चों के लिए अच्छे स्कूल बनवाये। मेरी गलती यह है कि मैंने आपके बच्चों का भविष्य बनाया। मेरी गलती है कि मैंने लोगों को मुफ्त बिजली दी। मेरी गलती यह है कि मैंने मोहल्ला शेष पेज 7 पर

### कुलदीप धालीवाल हमारी सबसे मजबूत आवाजों में से एक, इन्हें जिताएं फिर कोई भी हमारा फंड नहीं रोक पाएगा : भगवंत मान

**●दिल्ली में नारा है– '25 मई, बीजेपी गई', पंजाब में अपना नारा हैं, 'पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13–0 : मान**

रोड शो में उमड़ी भारी भीड़ को संबोधित करते हुए सीएम भगवंत मान ने कहा कि जेल से बाहर आने के बाद अरविंद केजरीवाल आज हमारे देश के लिए प्रार्थना करने के लिए अमृतसर की पवित्र भूमि पर आए हैं। उन्होंने भगवान से अपने देश को वापस सही रास्ते पर लाने की प्रार्थना की। मान ने कहा कि कल वे राम तीरथ मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे ताकि देश की बागडोर ईमानदार लोगों को मिल सके। सीएम मान ने कहा कि पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री के रूप में कुलदीप सिंह धालीवाल ने प्रभावशाली लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा की गई 10,000 एकड़ जमीन को मुक्त कराया। वह पंजाब की सबसे मजबूत आवाजों में से एक हैं। वह पंजाब के मुद्दे को संसद में उठाएंगे और पंजाब का बकाया फंड जारी करवाएंगे। उन्होंने लोगों से भारी अंतर से जीताकर उन्हें अपना प्रतिनिधि चुनने का आग्रह किया। मान ने कहा कि लोगों ने उन्हें जो प्यार दिया है उसका कर्ज वह कभी नहीं चुका सकते। वहीं दूसरी ओर लोग दूसरी पार्टी के नेताओं से हाथ मिलाने के बाद लोग अपनी उंगलियां गिनते हैं। उन्होंने कहा कि आज लोगों के उत्साह से एक बात साफ हो गया है कि आम आदमी पार्टी पंजाब में में क्लीन स्वीप करेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में लोग कहते हैं - '25 मई, बीजेपी गई' और पंजाब में हम कहते हैं 'पंजाब बनेगा हीरो, इस बार 13-0'।

### हम अरविंद केजरीवाल को दोबारा जेल नहीं जाने देंगे, बाबा साहब के संविधान की रक्षा के लिए हम सबकुछ कुर्बान कर देंगे: कुलदीप धालीवाल

लोगों को संबोधित करते हुए अमृतसर से आप प्रत्याशी कुलदीप सिंह धालीवाल ने कहा कि पंजाब की जनता अरविंद केजरीवाल के साथ है। हमें डॉ.भीमराव अंबेडकर और अरविंद केजरीवाल के सैनिक हैं। हम अरविंद केजरीवाल को दोबारा जेल में नहीं जाने देंगे। हम बाबा साहेब के संविधान की रक्षा के लिए हम सबकुछ कुर्बान कर देंगे। उन्होंने कहा कि अमृतसर की जनता अरविंद केजरीवाल को और बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान को बचाने के लिए यह सीट जीतेगी।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरदासपुर से आप उम्मीदवार शैरी कलसी के पक्ष में की विशाल जनसभा

**अब पंजाब में बिजली की कोई कमी नहीं, धान की फसल के लिए दिन के समय बिना कट मिलेगी बिजली :भगवंत मान**





**गुरदासपुर/चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** मुख्यमंत्री भगवंत मान ने गुरुवार को गुरदासपुर से आम आदमी पार्टी (आप) के उम्मीदवार शैरी कलसी के लिए चुनाव प्रचार किया। मान ने यहां प्रताप बाजवा के विधानसभा क्षेत्र कादियां में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया और लोगों से आम आदमी पार्टी को जिताने की अपील की। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री मान ने कहा गुरदासपुर के पिछले सांसदों पर जनता के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया और कहा कि गुरदासपुर लोकसभा से अभी तक जितने भी सांसद हुए उनमें से किसी ने भी यहां के लोगों के लिए काम नहीं किया। सभी ने सिर्फ अपना और अपने परिवार का विकास किया।

मान ने कहा कि इस बार आपके पास अपनी पिछली गलती सुधारने का मौका है। शैरी कलसी आपके घर का लड़का है। वह इस इलाके के लोगों और उनकी समस्याओं को जानता है। इसको जिताओ, सांसद बनने के बाद आप इसके घर पर पहुंच कर अपना काम करवा सकते हो। दूसरे नेता आपको जीतने के बाद यहां दिखाई नहीं देंगे। पंजाब के किसान और कृषि के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए मान ने कहा कि पंजाब के किसानों का विकास हमारी पहली प्राथमिकता है। मैंने मुख्यमंत्री बनने के बाद अफसरों की एक मीटिंग बुलाई और कहा कि कि किसानों को दिन में ही बिना कट लगाए लगातार बिजली दी जाए, ताकि उनका समय और ऊर्जा व्यर्थ बर्बाद न हो। उन्होंने कहा कि इस बार भी धान के फसल के लिए किसानों को दिन में ही बिना कट के लगातार बिजली मिलेगी क्योंकि अब पंजाब में बिजली की कोई कमी नहीं है। अब पंजाब दूसरे राज्यों को बिजली बेचता है। उन्होंने कहा कि हमने पंजाब में शेष पेज 7 पर

## कांग्रेस में है देश के लिए शहादत देने की परंपरा, भाजपा में नहीं: तिवारी

**●कहा, भाजपा केवल राष्ट्रवाद का उपदेश देती है, जबकि कांग्रेस वास्तव में इसका पालन करती है**

**●मुफ्त राशन को दोगुना करना, गरीबों को 8500 प्रतिमाह देने जैसी पार्टी की कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र किया**

**चंडीगढ़ (अजय पुरी):** वरिष्ठ कांग्रेस नेता और चंडीगढ़ संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार मनीष तिवारी ने कहा है कि खास 'जुमलेबाजी' के साथ केवल राष्ट्रवाद की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी के विपरीत कांग्रेस और उसके नेताओं की देश के लिए शहादत देने की परंपरा और इतिहास है।

तिवारी ने गरीबों को मुफ्त मासिक राशन को दोगुना करने, गरीब परिवारों को हर महीने 8500 रुपये देने और सभी स्नातकों व डिप्लोमा धारकों के लिए पहले साल नौकरी की गारंटी सहित कांग्रेस की कल्याणकारी गारंटियों को दोहराया।



पत्रकारों से बातचीत के दौरान एक सवाल कि भाजपा नेता दावा कर रहे हैं कि शेष पेज 7 पर

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत प्रतिभाशाली बच्चों के मांगे आवेदन

**31 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से हो सकेंगे आवेदन: डिप्टी कमिश्नर**



**अखिलेश बंसल, बरनाला।** भारत देश के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने देश के प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित करने के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार योजना के तहत आवेदन मांगे हैं। यह जानकारी डिप्टी कमिश्नर बरनाला श्रीमती पूनमदीप कौर आईएएस ने दी है। गौरतलब हो कि गत वर्ष देश की माननीय राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित किया था। डिप्टी कमिश्नर श्रीमती पूनमदीप कौर ने कहा है कि राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए वो बच्चे आवेदन कर सकते हैं, जिन्होंने किसी भी क्षेत्र, शेष पेज 7 पर

## सीएचसी खुईखेड़ा के अन्तर्गत गांवों में नेशनल डेंगू दिवस पर डेंगू बुख़ार के प्रति किया जागरूक

**फाजिल्का (राजन लूना):** आज सीएचसी खुईखेड़ा के अन्तर्गत आते सभी गांवों में नेशनल डेंगू दिवस पर डेंगू बुख़ार के बारे जागरूक किया गया। इस मोके एसएमओ डॉ. विकास गांधी, मेडीकल अफ़सर डॉ. जातिन्दर राज सिंह सेनी, डॉ. शिल्पा, डॉ. गौरी शंकर, सुशील कुमार, देवी लाल, लखविंदर सिंह, सतपाल, सप्रतिशतरायण सहित अन्य ग्रामीण उपस्तिथ थे। शेष पेज 7 पर



## विवादों में चल रही हररायपुर गौशाला का जायजा लेने पहुचें गौ सेवा आयोग चेयरमैन सिंगला

**●समाज सेवी संस्थाओं ने मिल कर दिखाई चेयरमैन को खामियां**

**●निगम द्वारा दी जानकारी से सैकड़ों कम पायी गयी गौ वंशों की गिणती**

**●निगम अधिकारियों पर डाइट मनी में धांधली करने की जताई आशंका**

**बठिंडा, ( नीरज कुमार):** बीते समय से विवादों में चलती आ शेष पेज 7 पर



## लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में फतवा देगी जनता : काकड़



**फिरोजपुर (नारायण धमीजा/विपुल गोयल):** लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से प्रत्याशी राणा गुरमीत सिंह सोढ़ी की जीत सुनिश्चत है क्योंकि हर भाजपा नेता और कार्यकर्ता पूरे तन, मन, धन के साथ उनके लिए प्रचार में जुटा है। यह दावा भाजपा के फिरोजपुर जिला प्रधान शमशेर सिंह काकड़ ने किया। श्री काकड़ ने बताया कि लोग पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार से इतने ज्यादा दुखी हो चुके हैं कि इसी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में फतवा देकर बीते विधानसभा चुनाव में आप द्वारा किए गए झूठे वादों के दम पर बनाई सरकार के खिलाफ अपना रोष जता शेष पेज 7 पर

## एक अध्यापक द्वारा अपने बिछड़े विद्यार्थी को श्रद्धाँजलि

**●डॉ. रत्न सिंह जग्गी द्वारा सुरजीत पातर को श्रद्धाँजलि भेंट**



**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** प्रसिद्ध सिख विद्वान पद्म श्री डॉ. रत्न सिंह जग्गी ने महान शायर और अपने विद्यार्थी रहे डॉ. सुरजीत पातर को श्रद्धाँजलि भेंट करते हुए कहा कि उसके चल जाने से साहित्य जगत को एक ऐसी क्षति हुई है जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। डॉ. जग्गी ने डॉ. सुरजीत पातर के परिवार को लिखे शोक संदेश में श्रद्धाँजलि देते हुए लिखा है, ''डॉ. सुरजीत पातर आज के युग का कद्दावार साहित्यकार शेष पेज 7 पर



## बौबी मान शानदार वोटों से जीत करेंगे दर्ज : मंटा

**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम) :** शिअद के हल्का इंचार्ज सतिन्द्रजीत सिंह मंटा द्वारा शिअद प्रत्याशी नरदेव सिंह बौबी मान के पक्ष में चुनाव प्रचार करते हुए वोटों की अपील की गई। इस मौके पर मंटा ने कहा कि बौबी मान को चुनाव प्रचार के दौरान जनता का खूब प्यार व समर्थन मिल रहा है और यहीं उनकी जीत का आधार बनेगी। उन्होंने कहा कि बौबी मान को जलालाबाद विधानसभा क्षेत्र से वोटों की सबसे बड़ी लीड मिलेगी और वो दिल्ली में सांसद बनकर फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र की समस्याओं को पहल के आधार पर उठायेंगे। मंटा ने कहा कि विरोधी पार्टियों के सब्जबाग में न आयें और एक जून को शिअद प्रत्याशी बौबी मान के पक्ष में मतदान करें।

## 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए जिला अधिकारियों को ठोस योजना बनाने के आदेश

**●पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा डिप्टी कमिशनरों, सीपीज और एसएसपी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित ●नाजायज शराब, नकदी, नशीले पदार्थों, हथियारों और अन्य गैर–कानूनी वस्तुओं की आमद को रोकने के लिए चुनाव आचार संहिता की सख्ती से पालना के साथ–साथ फ्लाइंग स्काड, आबकारी टीमों का गठन और सरहदी जांच चौकियां स्थापित करने के निर्देश ●गर्मी के मद्देनजर सभी पोलिंग स्टेशनों पर जरूरी सहूलतें यकीनी बनाने की हिदायत ●राज्य में सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा यकीनी बनाने के भी दिए निर्देश**

**चंडीगढ़ (सरहद केसरी ब्यूरो):** राज्य में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतमयी मतदान यकीनी बनाने के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज सभी जिला निर्वाचन अफसरों-कम-डिप्टी कमिशनरों, पुलिस कमिशनरों और एस. एस. पीज के साथ उच्च-स्तरीय मीटिंग की। मीटिंग के दौरान उन्होंने राज्य में 1 जून, 2024 को पड़ने वाली वोटों सम्बन्धी जिला स्तर पर किये गए प्रबंधों का जायजा लिया।

वीडियो कानफरंसिंग के द्वारा समीक्षा



मीटिंग करते हुये सिबिन सी ने अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गए सभी दिशा-निर्देशों की सख्ती के साथ पालना को यकीनी बनाने के लिए कहा। उन्होंने राज्य भर में नशीले पदार्थों, नकदी, हथियार, और अन्य गैर कानूनी वस्तुओं की आमद को रोकने के लिए आदर्श चुनाव आचार संहिता की सख्ती से पालना के साथ-साथ उड़न दस्तों और आबकारी टीमों के गठन सहित सरहदी जांच चौकियां स्थापित करने पर जोर दिया।

वोटों वाले दिन शेष पेज 7 पर



## संपादकीय

### भारत सरकार ने 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों के योगदान को 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य किया निर्धारित

शेष विश्व की तरह भारत भी बिजली उत्पादन के लिए लंबे समय से कोयले पर निर्भर रहा है । तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन भी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति का बड़ा आधार रहे हैं। ये स्रोत बड़े पैमाने पर प्रदूषण के कारण रहे हैं। कोयले के खनन और ढुलाई से भी पर्यावरण को नुकसान होता है तथा तेल एवं गैस की खरीद पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। देश में गैस और तेल उत्पादन से भी अनेक समस्याएं पैदा होती हैं। पर स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में बढ़ोतरी से इनके उपयोग में उत्साहजनक कमी आने लगी है। साल 1966 के बाद यानी लगभग छह दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है कि बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से नीचे आयी है। इस वर्ष जनवरी से मार्च की अवधि में देश में 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता जोड़ी गयी है, जो एक रिकॉर्ड है। इस क्षमता में स्वच्छ ऊर्जा का हिस्सा 71.5 प्रतिशत है। स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन में भारत दुनिया के अग्रणी देशों में है। इंस्टिट्यूट फॉर एनर्जी इकोनॉमिक्स एंड फाइनेंशियल एनालिसिस की रिपोर्ट में रेखांकित किया गया है कि भारत सरकार ने 2030 तक बिजली उत्पादन क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों के योगदान को 50 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। उस समय सीमा से पहले ही इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए ठोस आधार तैयार हो रहा है। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि हमें अपनी विकास आकांक्षाओं तथा बढ़ती मांग की पूर्ति के लिए ऊर्जा की बड़ी आवश्यकता है। इस कारण जीवाश्म ईंधनों पर हमारी निर्भरता स्वाभाविक है तथा अभी कई वर्षों तक हमें उनकी जरूरत है। फिर भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जलवायु संकट के समाधान के लिए स्वच्छ ऊर्जा को प्राथमिकता दे रहे हैं। यह बड़े संतोष की बात है कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी कोयले के इस्तेमाल का अनुपात घटता जा रहा है। जी-7 के देशों में पिछले साल कोयले की मांग 1900 के बाद सबसे कम रही। समूह में शामिल विकसित देशों ने बीते माह 2035 तक कोयले से बिजली उत्पादन को पूरी तरह बंद करने का संकल्प लिया है। धरती के बढ़ते तापमान को नियंत्रित रखने के लिए उत्सर्जन अत्यंत निम्न स्तर पर लाना जरूरी है। इस दिशा में यह वर्ष बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। इस प्रक्रिया में भारत विश्व के समक्ष एक आदर्श उदाहरण के रूप में स्थापित हुआ है। सरकार स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के लिए जहां आम लोगों को प्रोत्साहित कर रही है तथा घरों में सौर ऊर्जा पैनल लगाने के लिए सहयोग कर रही है, वहीं बड़े पैमाने पर उत्पादन के लिए बड़ी परियोजनाओं को भी साकार किया जा रहा है।

## दैनिक राशिफल

**रमन झांब- फाजिल्का, 94654-18696**

### शुक्रवार, 17 मई 2024

**आज का सूर्यास्त:-07.15 कल का सूर्योदय:- 05.37**

मेष ( चु, चे, चो, ला, ली, लु, ले, लो, अ ) मेष राशि वाले जातकों तांबे के पात्र में आज पानी पीयें या फिर तांबे का पात्र किसी ब्राह्मण को दान में दें ।

वृष ( इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो ) वृष राशि वाले जातकों बकरी का दूध पीना आरम्भ करें, कुछ दिन तक ऐसा अवश्य करें । आपके दिमाग पर किसी काम का या फिर कोई अन्य बोझ आता दिखाई दे रहा है ।

मिथुन ( का, की, कु, घ, ङ, छ, के, को, हा ) मिथुन राशि वाले जातकों आपकी इच्छा शक्ति बहुत तेज लग रही है, किसी को वश में करना आपके लिए बहुत आसान रहेगा । मगर एक बात का ख्याल रखें, किसी को धोखा देने के लिए मन में विचार लाना भी आपको नुकसान देगा ।

कर्क ( ही, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो ) कर्क राशि वाले जातकों पैरों को घसीट कर न चलें । कोई बात अकारण ही बिगड़ सकती है, जिस में पिता के सहारे की जरूरत महसूस होगी । आपको कोई धोखे में रख सकता है ।

सिंह ( मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टू, टे ) सिंह राशि वाले जातकों आने वाले समय में आपका तकरार बनता दिखाई दे रहा है । अगर किसी के साथ प्रेम है, तो टूट सकता है या फिर किसी की कहीं गई बातों पर गुस्सा आ सकता है ।

कन्या ( टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो ) कन्या राशि वाले जातकों लड़ाई हो सकती है, किसी पुरानी बात को लेकर मामला फिर उलझ सकता है । बात को जितना जल्दी हो सके खत्म करने की कोशिश करें ।

तुला ( रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तु, ते ) तुला राशि वाले जातकों पैरों पर काला धागा बांध लें, आपकी पीठ और पैरों पर दबाव आने के कारण तकलीफ हो सकती है । ज्यादा ऊंची आवाज में बात न करें ।

वृश्चिक ( तो, ना, नी, ने, नो, या, यी, यू ) वृश्चिक राशि वाले जातकों मानसिक शिकार हो सकते हैं, किसी बात की चिन्ता आपको सता सकती है । आंखों पर ज्यादा दबाव और ज्यादा नजदीकी वाले कार्य करने से बचें ।

धनु ( ये, यो, भ , भु, धा, फा, ढा, भे ) धनु राशि वाले जातकों आप शारीरिक तौर पर कमज़ोरी महसूस कर सकते हैं, वासना जैसे विचार मन में आने लगेंगे किन्तु स्वयं का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है । कच्चा दूध पीपल पर चढ़ायें ।

मकर ( भो, जा, जी, खी, खु, खे, खो, गा, गी ) मकर राशि वाले जातकों बड़े वाहन सावधानी से चलायें, सफेद कबूतरों को मकई के दाने डालें । पैसों को लेकर परेशान नज़र आ रहे हैं ।

कुम्भ ( गु, गे, गो, सा, सी, सु, से, सो, दा ) कुम्भ राशि वाले जातकों आप के अन्दर एक अद्भुत साहस नज़र आ रहा है, जो कार्य एक अन्य व्यक्ति नहीं कर सकते, उसे आप बड़ी सरलता से कर पायेंगे ।

मीन ( दी, दु, थ, झ, दे, दो, चा, ची, ञ ) मीन राशि वाले जातकों जरूरत के हिसाब से दूसरों के साथ अपना रिश्ता रखें, किसी को ज्यादा अहमियत देना भी आपके लिए सहीं नहीं है ।

# जीएमसी और इंडिविजुअल सहित कई पॉलिसी होने पर क्लेम कैसे दर्ज करें ?

## अगर दोनों इंश्योरेंस कंपनी के पैनल में शामिल हैं, तो क्या कैशलेस सुविधा उपलब्ध होगी ?

महामारी के बाद, अप्रत्याशित घटनाओं से फाइनेंशियल सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ने के कारण भारत में कई लोगों के लिए हेल्थ इंश्योरेंस एक मुख्य प्राथमिकता बन गई है। मेडिकल ट्रीटमेंट में संभावित फाइनेंशियल वृद्धि को देखते हुए, कई हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होना एक बुद्धिमानी भरा विकल्प हो सकता है। यह न केवल विस्तृत कवरेज प्रदान करता है, बल्कि विशेष रूप से हॉस्पिटलाइज़ेशन की स्थिति में सुरक्षा कवच का आश्वासन भी प्रदान करता है, क्योंकि सभी मेडिकल खर्चों को कवर करने के लिए सम इंश्योर्ड हमेशा पर्याप्त नहीं हो सकता है। इसलिए, दूसरी हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी महत्वपूर्ण बैकअप के रूप में काम आ सकती है और किसी भी बकाया बिल का भुगतान करके सुरक्षा और मन की शांति प्रदान कर सकती है।



पर्सनल इंडेम्निटी पॉलिसी, टॉप-अप कवर और अपने नियोक्ता द्वारा प्रदान की गई पॉलिसी जैसे कई हेल्थ इंश्योरेंस प्लान द्वारा कवर किए जाने पर आप अपने कवरेज को अधिकतम कर सकते हैं। यहां जानें कि यह कैसे काम करता है- सबसे पहले, अगर आपको क्लेम करना होता है, तो आमतौर पर आप अपनी पसंद के आधार पर अपनी इंश्योरेंस कंपनी से शुरू करते हैं। अपना क्लेम फाइल करने और उनसे सेटलमेंट समरी लेने के बाद आपको किसी भी आवश्यक डॉक्यूमेंट जैसे हॉस्पिटल बिल एकत्र करने की आवश्यकता होगी। सेटलमेंट समरी और संबंधित डॉक्यूमेंटेशन के साथ, आप अपनी दूसरी इंश्योरेंस कंपनी से संपर्क कर सकते हैं। वे विवरण की जांच करेंगे और आपके पहले इंश्योरेंस द्वारा कवर न किए गए किसी भी बैलेंस और पात्र खर्च को कवर करेंगे।

यह आसन प्रक्रिया यह सुनिश्चित करती है कि आप अपने मेडिकल खर्चों को प्रभावी रूप से कवर करने के लिए दोनों इंश्योरेंस प्लान के लाभ ले पाएं। इन चरणों का पालन करके, आप सशक्त महसूस कर सकते हैं कि आपकी क्लेम प्रोसेस आपके नियंत्रण में हैं और यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि आपको अपने कवरेज से अधिकतम लाभ मिले।

हेल्थ इंश्योरेंस की क्लेम प्रोसेस, कवरेज के लिए कैशलेस और रीइम्बर्समेंट विधियों के आधार पर निर्मित होती है। अगर आपका सम इंश्योर्ड कम है और हॉस्पिटल के खर्च इससे अधिक हो जाते हैं, तो आप सुविधाजनक कैशलेस या रीइम्बर्समेंट विधियों के माध्यम से दूसरी पॉलिसी के तहत क्लेम कर सकते हैं। क्लेम विधियों में यह सुविधा प्रोसेस को और अधिक आसान बनाने के लिए प्रदान की गई है।

नेटवर्क हॉस्पिटल में कैशलेस हॉस्पिटलाइज़ेशन का लाभ लेने के समय, अगर आपको होने वाले खर्चों का अनुमान है या आपको लगता है कि दूसरी पॉलिसी का उपयोग किया जा सकता है, तो हॉस्पिटल में इंश्योरेंस डेस्क के माध्यम से दोनों इंश्योरेंस कंपनी को सूचित करें। इसके बाद, सेटलमेंट समरी के लिए अपने मुख्य इंश्योरेंस कंपनी के पास क्लेम फाइल करें। अंत में, बाकी बैलेंस के रीइम्बर्समेंट के लिए अपनी दूसरी इंश्योरेंस कंपनी को अटेस्टेड हॉस्पिटल बिल सबमिट करें। अगर प्रदाता दोनों इंश्योरेंस कंपनियों के नेटवर्क के भीतर है, तो आप दोनों क्लेम के लिए कैशलेस सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं, जहां कैशलेस क्लेम लागू नहीं होते हैं। ऐसे मामलों में, आपको पहले हॉस्पिटल के बिल का भुगतान करना होगा और फिर इंश्योरेंस कंपनी से रीइम्बर्समेंट लेना होगा।

आसान रीइम्बर्समेंट प्रोसेस सुनिश्चित करने के लिए, आपको क्लेम फॉर्म के साथ अटेस्टेड डॉक्यूमेंट प्रदान करने होंगे, जिसमें डिस्चार्ज समरी, हॉस्पिटल बिल, भुगतान की गई रसीद, लैब रिपोर्ट, दवा के बिल और प्री-प्रिंटेड कैंसल्ड चेक शामिल हैं। इसके बाद इंश्योरेंस कंपनी क्लेम को रिव्यू करेगी और उसके अनुसार राशि सेटल करेगी।

अप्रत्याशित एमरजेंसी स्थितियों में प्रमुख मेडिकल संसाधनों का तुरंत लाभ लेने और आपके स्वास्थ्य देखभाल के खर्चों को कवर करने के लिए मेडिकल पॉलिसी लेना ज़रूरी है। पॉलिसीधारक विभिन्न हेल्थ इंश्योरेंस विकल्पों का लाभ उठा सकते हैं और ज़रूरत पड़ने पर उपयोग करने के लिए उपयुक्त विकल्प चुन सकते हैं। पॉलिसीधारक को दो इंश्योरेंस कंपनी के पास क्लेम सबमिट करने की अनुमति दी जाती है, लेकिन यह सुनिश्चित करना चाहिए कि दोनों इंश्योरेंस कंपनियों के पास क्लेम की गई कुल राशि, इलाज की कुल वास्तविक लागत से अधिक न हो।

**भास्कर नेरुरकर**
**प्रमुख- एचएटी, बजाज आलियांज़ जनरल इंश्योरेंस**
**फिरोजपुर।**

## युवती को रास्ते में रोककर कुछ युवकों ने उससे छेड़छाड़ और मारपीट की , मामला दर्ज

**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** गांव मोहकम अराईयां की रहने वाली एक युवती सें गत दिनों रास्ते में रोककर कुछ युवकों ने उससे छेडछाड और मारपीट की। जिसकी शिकायत पर थाना सदर पुलिस ने छेडछाड व मारपीट करने वाले आधा दर्जन आरोपियों पर पर्चा दर्ज किया है। जांच अधिकारी जतिंदर सिंह ने बताया कि उनको पीड़िता वासी मोहकम अराइयां ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह सातवीं पास है और पीर बख्श चौहान भट्ठे पर अपने माता पिता के साथ ईंटें निकलवाने का काम करती है। 9 मई को शाम करीब 6.30 बजे वह अपने गांव से पैदल अपने माता पिता के पास पीर बख्श चौहान भट्ठे पर जा रही थी। जब वह फत्तेवाला नहर के पास पहुंची तो 2 मोटरसाइकिलों पर आए प्रिंस व राजन निवासी नौ बहिराम, छिंदर सिंह, बग्गी, बिंदर सिंह, परमजीत सिंह निवासी मोहकम अराइयां उसे जबरन खींचकर ले गए और उसके साथ छेडछाड़ करने लगे। उसके द्वारा शोर मचाने पर प्रिंस के साथ आए युवक मौके से भाग गए जबकि प्रिंस और राजन को गांव वालों ने मौके पर काबू कर लिया। घटना का पता चलते ही उसके माता पिता भी मौके पर पहुंच गए। थोड़ी देर बाद प्रिंस का ननिहाल परिवार भी मौके पर आ गया जिनमें बिंदर सिंह और परमजीत सिंह ने प्रियंका के माता पिता की मारपीट करके चोटें मारी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भांदस की धारा 342, 323, 324, तथा 12 पोकसो एक्ट के अधीन पर्चा दर्ज कर लिया है।

## चुनाव आयोग द्वारा फिरोजपुर चुनाव हल्का के लिये लक्ष्मीकांत रैडी जनरल अबर्जवर नियुक्त

**फिरोजपुर (नारायण धमीजा/एसएम):** जिला चुनाव अधिकारी राजेश धीमान ने जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव कमिश्न की तरफ से लोक सभा चुनाव 2024 संबंधी चुनाव हलका 10 फिरोजपुर के लिये चुनाव अबर्जवर नियुक्त किए है। उन्होंने बताया कि जनरल अबर्जवर लक्ष्मीकांत रैडी मोबाईल नंबर 7986753858 को नियुक्त किया गया है और उनके साथ लाईन अफसर जिला भाषा अफसर जगदीप सिंह संधू मोबाईल नंबर 9872600926 को लगाया गया है। पुलिस अबर्जवर ए.आर दामोदर मोबाईल नंबर 7986798897 को नियुक्त किया गया है और उनके साथ लाईन अफसर के तौर पर एसडीओ नैशनल हाईवे नवदीप सिंगल 9888165333 को लगाया गया है। आई.आर.एस अफसर नगेंद्र यादव मोबाईल नंबर 8837812902 को खर्चा अबर्जवर लगाया गया है और उनके साथ लाई अफसर प्रगट सिंह बराड़ डिप्टी डीईओ मोबाईल नंबर 8528100002 को लगाया गया है। उन्होंने बताया कि लोक सभा चुनाव संबंधी किसी भी किस्म की जानकारी या शिकायत दर्ज करवाने के लिए इनके साथ मोबाईल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है।

## हुसैनीवाला बार्डर पर अब सायं 6.30 बजे होगी रिट्रीट सैरेमनी

**फिरोजपुर (नारायण धमीजा/एसएम):** हुसैनीवाला बार्डर पर शाम के समय होने वाली रिट्रीट सैरेमनी सैरेमनी के समय में बदलते हुए मौसम को देखते हुए बदलाव किया गया है। जानकारी देते हुए सेना अधिकारियों ने बताया कि हुसैनीवाला बार्डर पर शाम के समय रिट्रीट सैरेमनी सैरेमनी देखने के लिए सैकड़ों लोग पहुंचे है। जिसके लिए उन्हें अपील की जाती है कि वह हुसैनीवाला में रिट्रीट सैरेमनी के बदले टाईम के अनुसार ही पहुंचे। उन्होंने बताया कि अब हुसैनीवाला बार्डर पर रिट्रीट सैरेमनी सैरेमनी का समय शाम 6 बजे से 6.30 बजे का किया गया है, जिसके चलते अब लोग उक्त समय के अनुसार ही हुसैनीवाला बार्डर पर पहुंचे और रिट्रीट सैरेमनी सैरेमनी का आनंद उठाएं।

## फसल के अवशेषों को न जलाकर खेतों में बिजाई करें किसान : डीसी सेनू दुग्गल

**फाजिल्का (दीपक नागपाल):** फाजिल्का के डिप्टी कमिश्नर डॉ. सोनू दुग्गल ने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी फसल के अवशेषों को न जलाकर इसकी खेतों में बिजाई करें। ऐसा करने से जहां किसानों की जमीन उपजाऊ होगी, वहीं हमारा पर्यावरण और जिला प्रदूषण मुक्त होगा। उन्होंने कहा कि पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने में किसानों के सहयोग की बहुत जरूरत है। उन्होंने किसानों को बताया कि फसल अवशेषों में आग लगाने से इससे उत्पन्न धुंए से अनेक भयानक श्वास एवं त्वचा रोग होते हैं तथा सड़कों पर आग लगने से अनेक राहगीर दुर्घटना का शिकार होते हैं। इसके अलावा जब हम अपनी भूमि में फसलों के अवशेष जलाते हैं तो भूमि में मौजूद मित्र कीट मर जाते हैं और मिट्टी की ऊपरी परत जलने के कारण भूमि की उर्वरता कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि यदि किसान गेहूं की नाड़ को आग लगाए बिना खेतों की जुताई करेंगे तो भूमि की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और किसानों को खाद की कम जरूरत पड़ेगी तथा अगली फसल की पैदावार भी बढ़ेगी। उन्होंने जिले के किसानों से अपील करते हुए कहा कि हम सभी किसानों को पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए आगे आना चाहिए और यह भी संकल्प लेना चाहिए कि हम न तो अपनी जमीन में और न ही फसल के अवशेषों में आग लगवाएंगे और अपने रिश्तेदारों और सगे संबंधियों तथा ग्रामीणों को आग न लगाने के संबंधी भी प्रेरित करेंगे।



## पुलिस आब्जर्वर एआर दामोदर ने फाजिल्का जिले का दौरा कर लोकसभा चुनाव संबंधी सुरक्षा तैयारियों का लिया जायजा

- **डिप्टी कमिश्नर डॉ. सोनू दुग्गल और एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने किया स्वागत**
- **अब तक 750 आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से 43.90 करोड़ रुपये के नशे या ड्रग मनी बरामद : एसएसपी**

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** भारत चुनाव आयोग द्वारा लोकसभा क्षेत्र फिरोजपुर के लिए तैनात किए गए पुलिस आब्जर्वर एआर दामोदर ने आज फाजिल्का जिले का दौरा किया और लोकसभा चुनाव के दौरान यहां की जा रही सुरक्षा तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर यहां पहुंचने पर जिला डिप्टी कमिश्नर डॉ. सोनू दुग्गल और एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने उनका स्वागत किया। डिप्टी कमिश्नर डॉ. सेनु दुग्गल ने उनको जिले में की जा रही चुनावी तैयारियों की जानकारी दी, जबकि एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने पुलिस आब्जर्वर को सुरक्षा तैयारियों की जानकारी दी। एसएसपी ने कहा कि जिला फाजिल्का की 108 किलोमीटर लंबी सीमा पाकिस्तान के साथ और 79 किलोमीटर लंबी सीमा राजस्थान के साथ लगती है। इसको लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। जिले की राजस्थान से लगती सीमा पर 24 नाके लगाए गए हैं। जिले में 12 एफएसटी और 12 एसएसटी टीमें ही तैनात की गई हैं। एसएसपी डॉ. प्रज्ञा जैन ने बताया कि चुनाव के चलते जिले में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद अब तक 750 आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों से 43.90 करोड़ रुपये के नशे या ड्रग मनी बरामद की गई है। एडिशनल डिप्टी कमिश्नर जनरल कम एडिशनल जिला चुनाव अधिकारी राकेश कुमार पोपली, एडिशनल डिप्टी कमिश्नर विकास अमरेन्द्र सिंह मल्ही, एसपी रमनीश चौधरी, एसडीएम विपन भंडारी, पंकज बांसल, बलकरण सिंह भी उपस्थित थे। बाद में उन्होंने यहां सरकारी स्कूल में बने स्ट्रांग रूम का दौरा किया और वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। यहां उन्होंने मतगणना केंद्रों का भी दौरा किया और सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया।

## विधायक सवना की मेहनत व कोशिश से काका बराड़ को फाजिल्का से मिलेगी सबसे बड़ी लीड : गगनेजा

**फाजिल्का:** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं समाजसेवी केवल गगनेजा ने दावा किया है कि जितनी मेहनत और लगन से फाजिल्का के युवा विधायक नरेंद्र पाल सिंह सवना फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी जगदीप सिंह काका बराड़ के चुनाव अभियान को आगे बढ़ा रहे हैं, उससे उन्हें हलके से मिलने वाले वोटों की लीड बढ़ती जा रही है। विधायक सवना जैसा मेहनती साथी काका बराड़ को मिलना मुश्किल है। श्री गगनेजा ने कहा कि यह आम आदमी पार्टी की जन हितैषी नीतियों और विधायक सवना की कार्यशैली का ही परिणाम है कि जहां जहां विधायक सवना पहुंच रहे हैं, वहां वहां काका बराड़ को समर्थन देने वालों का तांता लगता जा रहा है। विधायक सवना के प्रयास से ही अब तक क्षेत्र के दर्जनों गांवों के कांग्रेसी और अन्य पार्टियों के सरपंच, पंच व अन्य कार्यकर्ता और नेता आम आदमी पार्टी में शामिल हुए हैं। पार्टी की आम लोगों को समर्पित नीतियों के साथ साथ विधायक सवना द्वारा पार्टीबाजी से ऊपर उठकर क्षेत्र में समुचित रूप से करवाए जा रहे विकास कार्य और हर किसी के साथ दोस्ताना संबंधों और बड़ों को दिए जा रहे सम्मान ने विधायक सवना को कम उम्र में ही एक बड़ा नेता बना दिया है। श्री गगनेजा ने दावा किया कि संसदीय क्षेत्र फिरोजपुर के सभी हलकों से ज्यादा मतों से लीड फाजिल्का हलके में विधायक सवना की बदौलत आप प्रत्याशी काका बराड़ को मिलेगी।



## रामपुरा के नजदीक बीएसएफ कैंप के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

### पुलिस ने मोर्चरी में रखवाया शव, अभी तक मृतक की पहचान नहीं

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** फाजिल्का में अबोहर रोड पर गांव रामपुरा के नजदीक बीएसएफ कैंप के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। सूचना 108 एंबुलेंस को मिली तो उन्होंने मृतक के शव को फाजिल्का के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में पोस्टमॉर्टम के लिए रखवाया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक व्यक्ति पिछले कुछ दिनों से फाजिल्का अबोहर रोड पर बीएसएफ कैंप के सामने सड़क पर घूमता रहता था। वह कौन है? कहां से आया? किसी को कोई पता नहीं। लेकिन अब फाजिल्का के 108 एंबुलेंस को सूचना मिली कि अबोहर रोड पर बीएसएफ कैंप के सामने एक अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा है। जिसे एंबुलेंस की मदद से फाजिल्का के सरकारी अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए रखवाया गया है ताकि मृतक की पहचान की जा सके और सूचना पुलिस को दी गई है। ताकि पोस्टमॉर्टम के जरिए मामले में जांच हो कि उक्त व्यक्ति की मौत कैसे हुई ।

## मूर्ति स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री श्याम संकीर्तन महिला मंडल द्वारा विशाल संकीर्तन आयोजित



**जैतो (रघुनंदन पराशर):** श्री श्याम संकीर्तन महिला मंडल इकाई जैतो की ओर से वीरवार को श्री इच्छापूर्ण श्री श्याम मंदिर इकाई जैतो की ओर हर साल की तरह इस बार भी मूर्ति स्थापना दिवस मंदिर प्रांगण में धूमधाम व श्रद्धापूर्वक मनाया गया । इस अवसर पर श्री श्याम खाटू बाबा का विशेष विशाल संकीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भजनों के दौरान महिलाएं नाचने पर मजबूर हो गई। इस अवसर पर शशि जिंदल, शशि मित्तल, लक्ष्मी मित्तल,अंजु जिंदल, पूनम जिंदल, ममता जिंदल, वैशाली रानी,अंजू गर्ग, अनीता गोयल, स्वीटी गोयल व सरोज सैनी आदि का विशेष सहयोग रहा। संकीर्तन के अंत में प्रसाद बांटा गया।

# सेहतनामा- सहजन पेड़ नहीं, डॉक्टर की फार्मेसी है

**(गौरव तिवारी)**

सहजन, सेंजन, ड्रमस्टिक्स, मोरिंगा, मुनगा। देश के अलग-अलग हिस्सों में इसे अलग-अलग नामों से जाना जाता है। नाम कोई भी हो, इसके गुण हर जगह एक जैसे हैं। सहजन मानो सिर्फ एक पेड़ नहीं, मनुष्य को दिया प्रकृति का वरदान है। कोई ऐसा दूसरा पेड़ नहीं, जिसकी जड़ से लेकर पत्ती, फल, ठंडल और यहां तक कि फूल भी इतने सारे न्यूट्रीशन से भरपूर हो। ये डॉक्टर की फार्मेसी है। इसीलिए लोग सहजन को सुपरफूड कहते हैं।

न्यूट्रीशन साइंटिस्ट्स का मानना है कि सहजन छोटी-बड़ी 300 से ज्यादा बीमारियों में फायदेमंद है। इसमें प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन, सोडियम, पोटेशियम जैसे ढेरों न्यूट्रिएंट्स होते हैं। सहजन में मल्टीविटामिन्स और कई एंटीऑक्सीडेंट्स भी होते हैं।

सहजन खाने से डायबिटीज, हाइपरटेंशन जैसी लाइफ स्टाइल बीमारियां दूर रहती है। इससे हड्डियां मजबूत होती हैं और स्किन हेल्थ भी सुधरती है।

इंसानों के लिए प्रकृति का वरदान है सहजन

वाराणसी के राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में असिस्टेंट प्रोफेसर और डॉक्टर अजय कुमार कहते हैं कि सहजन एक सुपरफूड है। आयुर्वेद में इस पेड़ के हर हिस्से को किसी-न-किसी बीमारी के इलाज के लिए इस्तेमाल किया जाता है।

**सहजन की न्यूट्रीशनल वैल्यू:** सहजन अपनी न्यूट्रीशनल वैल्यू के चलते ही सुपरफूड कहा जाता है। न्यूट्रीशन से भरपूर होने के साथ ही सहजन के पोषक तत्व शरीर में आसानी से एब्जॉर्व भी होते हैं।

### एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर

* सहजन में पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। ये कंपाउंड्स बॉडी से फ्री रेडिकल्स को खत्म करते हैं।

* अगर शरीर में फ्री रेडिकल्स बढ़ जाएं तो ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस बढ़ सकता है, जो हार्ट डिजीज, टाइप 2 डाइबिटीज जैसी बीमारियों की वजह है।

* इसमें क्रेरसेटिन नाम का पॉवरफुल एंटीऑक्सीडेंट होता है, जो ब्लड शुगर लेवल और ब्लड प्रेशर को नियंत्रण में रखता है।

* एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर सहजन खाने से कैंसर का जोखिम कम होता है।

* सहजन के हेल्थ बेनिफिट्स की लंबी लिस्ट है। नीचे दिए ग्राफिक में देखिए।

बोन हेल्थ सुधरती है

सहजन तीन जरूरी मिनरल्स कैल्शियम, आयरन और फॉस्फोरस का जबरदस्त सोर्स हैं। अगर बच्चों की डाइट में सहजन को शामिल किया जाए तो उनकी ग्रोथ और डेवलपमेंट में मदद मिलती है। इसके अलावा इससे हड्डियों की डेंसिटी बढ़ती है यानी हड्डियां मोटी और मजबूत होती हैं। इससे बुढ़ापे में ऑस्टियोपोरोसिस का खतरा कम हो जाता है।

### इम्यून सिस्टम मजबूत होता है

सहजन विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर है। अगर इसे भोजन में शामिल किया जाए तो इम्यूनिटी मजबूत होती है। सामान्य सर्दी, जुकाम जैसे इन्फेक्शन जल्दी नहीं होते। इससे अस्थमा, कफ या किसी तरह के श्वसन संबंधी इन्फेक्शन से लड़ने में भी मदद मिलती है।

## संक्षिप्त समाचार

### केजरीवाल की जमानत पर एससी बोला-विशेष छूट नहीं दी

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली शराब नीति मामले में ईडी की गिरफ्तारी के विरोध में सीएम अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को सुनवाई की। कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत देने पर कहा कि उन्हें कोई विशेष छूट नहीं दी गई है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर



दत्ता की बेंच ने कहा कि हमने अपने फैसले में कहा था कि हमें यह न्यायसंगत लगा था। हालांकि, कोर्ट ने यह भी कहा कि इस फैसले की आलोचनात्मक समीक्षा का हम स्वागत करते हैं। ईडी की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता कोर्ट में पेश हुए। उन्होंने कहा कि केजरीवाल जमानत पर बाहर जाने के बाद चुनावी भाषणों में कह रहे हैं कि अगर लोगों ने एएपी को वोट दिया तो मुझे 2 जून को जेल नहीं जाना पड़ेगा।

### मामला अदालत में है तो ईडी नहीं कर सकती गिरफ्तार

- सुप्रीम कोर्ट का पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी पर बड़ा फैसला

नई दिल्ली(वार्ता)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि स्पेशल कोर्ट द्वारा शिकायत पर संज्ञान लेने के बाद ईडी पीएमएलए की धारा 19 के तहत किसी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि अगर ईडी ऐसे आरोपियों की हिरासत चाहती है तो उसे हिरासत के लिए संबंधित अदालत में आवेदन करना होगा। अगर कोर्ट ईडी की बात से संतुष्ट हो जाता है कि उसे हिरासत में पूछताछ की जरूरत है तो वह हिरासत दे सकता है। जस्टिस अभय एस ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने पीएमएलए के तहत गिरफ्तारी की ईडी की शक्तियों पर आज फैसला सुनाया। गिरफ्तार करने के लिए धारा 19 के तहत शक्तियों का प्रयोग करने में असमर्थ हैं।

# अबकी जल्दी आएगा मानसून और 'मन' भर बरसेंगे बदरा

## आईएमडी का पूर्वानुमान-31 मई को केरल पहुंचेगा मानसून

**एमपी में 16 से 21 जून तक पहुंचने के बन रहे हैं आसार**





नई दिल्ली (वार्ता)। इस साल मानसून सामान्य तारीख से एक दिन पहले ही केरल दस्तक दे सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक, 31 मई को मानसून केरल पहुंचेगा। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। मौसम विभाग ने बुधवार देर रात यह अनुमान जारी किया। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। यानी मानसून 28 मई से 3 जून के बीच कभी भी आ सकता है। विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में अंडमान सागर और द्वीप समूह पर मानसून के दो दिन पहले यानी 19 मई को ही पहुंचने की संभावना है, जबकि वहां दस्तक देने की सामान्य तारीख 21 मई है। पिछले साल भी मानसून ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई को ही दस्तक दी थी, लेकिन केरल में 9 दिन देरी से 8 जून को पहुंचा था। आईएमडी के आंकड़ों के मुताबिक, बीते 150 साल में मानसून के केरल पहुंचने की तारीखें काफी अलग रही हैं। 1918 में मानसून सबसे पहले 11 मई को केरल पहुंच गया था, जबकि 1972 में सबसे देरी से 18 जून को केरल पहुंचा था। बीते चार साल की बात करें तो 2020 में मानसून 1 जून को, 2021 में 3 जून को, 2022 में 29 मई को केरल पहुंचा था।

# इंदौर के बेटमा में ट्रक में घुसी कार,8 लोगों की हो गई मौत

- **प्रत्यक्षदर्शी बोला-टायर फटने से अनियंत्रित हुई थी बोलेरो; शव निकालने के लिए गाड़ी काटनी पड़ी**

इंदौर/धार (वार्ता)। इंदौर-अहमदाबाद हाईवे पर बेटमा के पास बुधवार रात करीब 10.30 बजे सड़क हादसा हो गया। फोरलेन पर दौड़ रही कार खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में कार सवार एक महिला सहित 8 लोगों की मौत हो गई। गुरुवार सुबह सभी शवों को जिला अस्पताल इंदौर लाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद 4 वाहनों से सभी 8 शव गुना भेज दिए गए। पुलिस के मुताबिक, कार सवार अलीराजपुर के बोरी गांव में शादी कार्यक्रम निपटाकर लौट रहे थे। उन्हें गुना में अपने गृह ग्राम जाना था। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बोलेरो टायर फटने से अनबैलेंस्ड होकर ट्रक में घुसी थी। हालांकि, इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया। पुलिस, प्रशासन की टीमें और एंबुलेंस बाद में पहुंचीं। एएसपी इंदौर रूपेश द्विवेदी ने बताया कि कुल 9 लोग वाहन में थे। आठ की मौत हो गई जबकि एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, डीएसपी उमाकांत चौधरी ने बताया कि मृतकों में पुलिस जवान भी शामिल है।



### 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की बात कही है। उन्होंने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि जिला प्रशासन को घायल के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं।

# सपा-कांग्रेस दो दल,एक दुकान ये दोनों झूठ और भ्रष्टाचार बेचते हैं

**पीएम मोदी बोले-मेरे पास खुद का घर नहीं, 4 दीवारें मेरे नाम की नहीं**



आजमगढ़/जौनपुर (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को भदोही में कहा- मेरा पास अभी भी खुद का घर तक नहीं है। 4 दीवारें मेरे नाम की नहीं हैं, लेकिन मैंने 4 करोड़ गरीब परिवारों के लिए घर बनाए। इससे पहले, मोदी ने जौनपुर-आजमगढ़ में चुनावी रैली को संबोधित किया। आजमगढ़ में पीएम ने कहा- सपा और कांग्रेस दो दल, लेकिन दुकान एक ही है। ये झूठ, तुष्टिकरण, परिवारवाद और भ्रष्टाचार का सामान बेचते हैं। इंडी गठबंधन तुष्टिकरण के दलदल में पूरी तरह धंस चुकी है। पीएम ने कहा- सपा के शीर्ष नेता राम मंदिर को लेकर आए दिन घटिया बातें कर रहे हैं। अखिलेश यादव अपने आपको यदुवंशी कहते हैं। अरे तुम कैसे यदुवंशी हो यार, जिसके साथ बैठते हो उसने राम मंदिर को गालियां देने का मिशन चला रखा है। वहीं, जौनपुर में पीएम ने कहा- सपा-कांग्रेस का खेल खतरनाक है। ये यहां आपसे वोट मांग रहे हैं। दक्षिण में जाकर उत्तर प्रदेश के लोगों को अपमानित करते हैं। अनाप-शनाप बोलते हैं। पीएम ने कहा- सपा शहजादे के चाचा राम मंदिर को बेकार बता रहे हैं। शहजादे काशी का मजाक उड़ा रहे। आने वाले 5 सालों में मोदी और योगी पूर्वांचल की तस्वीर और तकदीर दोनों बदलने वाले हैं। जौनपुर तो देश को महान नेता देने वाला जिला है। पीएम ने कहा-हम वोकल फॉर लोकल पर चल रहे हैं।

### बीजेपी आरक्षण खत्म कर देगी...आप चंद लोगों के गुलाम होंगे

पटना (वार्ता)।लोकसभा चुनाव में मुद्दों को मांझा जा रहा है। एक दूसरे को घेरने के लिए लगातार सत्ता पक्ष और विपक्ष एक दूसरे पर हमलावर हैं। इस कड़ी में राजद सुप्रीमो लालू यादव और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बीजेपी और पीएम मोदी पर वार किया है। राजद सुप्रीमो ने अपने एक्स पर जनता को अलर्ट करते हुए लिखा है कि सतर्क और सावधान हो जाइए! बीजेपी आरक्षण, देश का लोकतंत्र और संविधान खत्म करने पर तूल गई है। देश का संविधान नहीं रहेगा तो देश में लोकतंत्र भी नहीं रहेगा। आप देश के समान रूप से नागरिक भी नहीं रहेंगे। आप ऐसे नागरिक नहीं रहेंगे जिनके पास अधिकार होंगे, संवैधानिक सुरक्षा और उपचार के उपाय हों। आप चंद लोगों के गुलाम मात्र रह जाएंगे। वहीं तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी पर तंज कसा है। मोदी जी को साल भर प्रचार करना है।

# पीओके में पाकिस्तान ने जो किया सो किया,भारत ने भी दिल तोड़ दिया

- **कश्मीरी एक्टिविस्ट का छलक आया दर्द,कहा-भारत के रुख ने किया निराश**

इस्लामाबाद (वार्ता)। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बीते कुछ दिन से हालात काफी तनावपूर्ण हैं। महंगाई और बिजली बिलों के मुद्दों को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन में चार लोगों की मौत पीओके में हुई है। हिंसा भड़कने के बाद पाक प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने 23 अरब रुपए रिलीज करने का आदेश



दिया, जिससे लोगों को महंगाई में राहत मिल सके। इस घोषणा के बाद हड़ताल वापस ले ली गई लेकिन लोगों का गुस्सा पूरी तरह से शांत नहीं है। पीओके में लोग अभी भी कई मांगों पर मुखर हैं। पीओके के हालात को लेकर पाकिस्तानी यूट्यूबर आरजू काजमी ने स्कॉटलैंड में रहने वाले कश्मीरी कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा से बात की है। मिर्जा ने पीओके के हालात को लेकर पाकिस्तान के साथ-साथ भारत सरकार के रुख पर भी सवाल उठाया है। काजमी से बात करते हुए अमजद अयूब मिर्जा ने कहा, कश्मीर के लोग भोले और सादे हैं।

**खतरा**

# कोविशील्ड के बाद अब कोवैक्सीन ने बढ़ाई टेंशन

### रिपोर्ट में सांस का इन्फेक्शन,ब्लड क्लॉटिंग के मामले दिखे




नई दिल्ली (वार्ता)। भारत बायोटेक की कोरोना वैक्सीन- कोवैक्सीन के भी साइड इफेक्ट्स हैं। यह बात इकोनॉमिक टाइम्स ने साइंस जर्नल स्प्रिंगरलिंक में पब्लिश हुई एक रिसर्च के हवाले से लिखी है। रिसर्च के मुताबिक, बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी (बीएचयू) में हुई स्टडी में हिस्सा लेने वाले लगभग एक तिहाई लोगों में कोवैक्सीन के साइड इफेक्ट्स देखे गए हैं। इन लोगों में सांस संबंधी इन्फेक्शन, ब्लड क्लॉटिंग और स्किन से जुड़ी बीमारियां देखी गईं। शोधकर्ताओं ने पाया कि टीनएजर्स, खास तौर पर किशोरियों और किसी भी एलर्जी का सामना कर रहे लोगों को कोवैक्सीन से खतरा है। हालांकि, कुछ दिन पहले कोवैक्सीन बनाने वाली कंपनी भारत बायोटेक ने कहा था कि उनकी बनाई हुई वैक्सीन सुरक्षित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कोवैक्सीन के दो डोज लगवाए थे। स्टडी करने वाले शंख शुभ्रा चक्रवर्ती ने कहा, हमने उन लोगों का डेटा कलेक्ट किया जिन्हें वैक्सीन लगे एक साल हो गया था। 1,024 लोगों पर स्टडी हुई। इनमें से 635 किशोर और 291 वयस्क शामिल थे। स्टडी के मुताबिक, 304 (47.9 फीसदी) किशोरों और वयस्कों में सांस संबंधी इन्फेक्शन हो रहा है।

**रिसर्च में दावा-**

- एस्ट्राजेनेका वैक्सीन से अब ब्लड क्लॉटिंग का खतरा

नई दिल्ली (वार्ता)। ब्रिटिश-स्वीडिश फार्मा कंपनी एस्ट्राजेनेका की कोविड-19 वैक्सीन से एक और गंभीर बीमारी के खतरे का पता चला है। रिसर्च में दावा किया गया है कि वैक्सीन के चलते थ्रॉम्बोसाइटोपेनिया और थ्रॉम्बोसिस हो सकते हैं।




हालांकि, खून का थक्का जमाने वाला ये रेयर डिसऑर्डर (किसी-किसी में होने वाले) है, लेकिन खतरनाक हैं। रिसर्चर्स का ये भी कहना है कि यह कोई नया डिसऑर्डर नहीं है। एडेनोवायरस वेक्टर-आधारित ऑक्सफोर्ड-एस्ट्राजेनेका वैक्सीन लगाए जाने के बाद एक नई बीमारी के रूप में उभरा। 2021 में कोरोना काल में एस्ट्राजेनेका के फॉर्मूले पर भारत में कोवीशील्ड और यूरोप में वैक्सजेवरिया वैक्सीन बनाई गई।

### ओडिशा में बीजेपी-बीजेडी कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

गंजाम (वार्ता)। ओडिशा के गंजाम जिले में भाजपा और बीजू जनता दल (बीजेडी) कार्यकर्ताओं के बीच बुधवार देर रात पोस्टर लगाने को लेकर झड़प हो गई। इस घटना में एक भाजपा कार्यकर्ता की मौत हो गई, वहीं 7 लोग घायल हो गए। मारे गए शख्स की पहचान दिलीप कुमार पहाना (28) के रूप में हुई है। पुलिस ने गुरुवार (16 मई) को बताया कि गंजाम के खालीकोटे के श्रीकृष्ण सारनपुर गांव में ये घटना हुई। भाजपा और बीजेडी दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं के हाथ में नुकीले हथियार थे।

गुस्साए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कथित तौर पर खलीकोट विधानसभा सीट के बीजेडी उम्मीदवार और मौजूदा विधायक सूर्यमणि बैद्य के घर के पास खड़े कई वाहनों में तोड़फोड़ की। घटना को लेकर स्टेट चीफ इलेक्टोरल ऑफीसर ने डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर और पुलिस अधिकारियों को इलाके में शांति स्थापित कराने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि चुनावी हिंसा रोकने के लिए तुरंत अहम फैसले लें।

# किसी भी फैसले को समझने योग्य बनाना जजों की जिम्मेदारी: सीजेआई

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा- जज न तो राजकुमार हैं और न ही सम्राट

**जी-20 शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे चीफ जस्टिस चन्द्रचूड़**

नई दिल्ली (वार्ता)। देश के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि भारतीय अदालतों की पुनर्कल्पना थोपे गये 'साम्राज्य' के बजाय विमर्श की



लोकतांत्रिक व्यवस्था के रूप में की गई हैं। उन्होंने कहा कि जज न तो राजकुमार हैं और न ही सम्राट, जो यह बहाना बना सकें कि वो ऐसे फैसले लिखेंगे जिन्हें कोई नहीं समझ सकता। जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा कि न्यायाधीशों के रूप में हम न तो राजकुमार हैं और न ही सम्राट, जो खुद को यह समझाने की आवश्यकता से ऊपर समझते हैं कि फैसला क्या है। प्रधान न्यायाधीश डिजिटल परिवर्तन और न्यायिक दक्षता बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल विषय पर ब्राजील के रियो डी जनेरियो में जी-20 शिखर सम्मेलन को बुधवार संबोधित कर रहे थे। जी-20 उच्चतम न्यायालयों और संवैधानिक अदालतों के मुख्य न्यायाधीशों का एक समूह है, जिसके सदस्य जी-20 देश हैं। इस साल जी-20 सम्मेलन का आयोजन ब्राजीलियन फेडरल सुप्रीम कोर्ट की ओर से किया गया है। इस बात की संभावना है कि उनका बयान सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के पिछले फैसलों को पढ़ने के अनुभव की उपज है।


ਅਪੀਲ
ਤੂੜੀ ਸੇਵਾ



Gaushalla Sewa Samiti

ਗਊਸ਼ਾਲਾ ਸੇਵਾ ਸਮਿਤੀ (ਰਜਿ:) ਜਲਾਲਾਬਾਦ ਵੱਲੋਂ
ਆਮ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਤੂੜੀ ਦਾਨ ਵਿੱਚ ਆਪਣੀ ਸ਼ਰਧਾ ਅਨੁਸਾਰ ਸਹਿਯੋਗ ਰਾਸ਼ੀ ਅਤੇ ਤੂੜੀ ਸੇਵਾ ਦੇਣ ਲਈ ਹੇਠ ਲਿਖੇ ਨੰਬਰਾਂ ਤੇ ਸੰਪਰਕ ਕਰੋ ।

98146-50672, 98159-51049, 98159-50377

1 ਟਰਾਲੀ ਤੂੜੀ ਦੀ ਸਹਿਯੋਗ ਰਾਸ਼ੀ 1500/- ਰੁਪਏ



SKB DAV CENT. SR. SEC. PUBLIC SCHOOL
MALOUT ROAD, FAZILKA (Punjab)
(Directly Managed by DAV College Managing Committee, New Delhi) 01638- 292834
Website- www.skbdavfazilka.in Email- skbdav_fzk@yahoo.co.in

Requires Prudent, Proficient, Dedicated and Dynamic Teachers
For the Session 2024-25:

Applications are invited from 10th April 2024 to 25th May, 2024 from DAV CBT qualified candidates with Provisional Eligibility Card for the following posts:

| | |
|---|---|
| PGT : | Physics-1, Maths- 1, Economics- 1 |
| TGTs : | Science-1, Maths- 1, S.St.- 1, English- 1, Music- 1, Computer- 1, |
| PRTs : | Science- 1, English- 2 |
| Pre-Primary: | 3 |

1. Qualification as per CBSE Norms.
2. Final Selection will be made on the basis of Demonstration & Subject/Panel Interview held at the school, subject to verification of P.E.C.
3. All the posts are temporary and transferable in nature.
4. Application Form will be available at www.skbdavfazilka.in from 10th April to 25th May, 2024.

Sh. ARVIND GHAI CHAIRMAN | DR. (MRS.) NEERA SHARMA MANAGER | DR. G.D. SAINI PRINCIPAL

# बी.एफ.जी.आई. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा 11 छात्रों को 7 लाख रुपये के वार्षिक पैकेज पर रोजगार के लिए चुना



**बठिंडा, (नीरज कुमार) :** बाबा फरीद ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (बीएफजीआई) बठिंडा रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ छात्रों के 100 प्रतिशत प्लेसमेंट पर ध्यान केंद्रित करता है। बी.एफ.जी.आई. विश्वविद्यालय का प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट विभाग समय-समय पर विभिन्न प्रसिद्ध कंपनियों में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन कर छात्रों को नौकरी पाने के भरपूर अवसर प्रदान कर रहा है। ऐसी पहलों की श्रृंखला के तहत, प्रशिक्षण और प्लेसमेंट विभाग ने संस्थान के छात्रों के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। जिस दौरान बी.एफ.जी.आई. 11 छात्रों को नौकरी के लिए चुना गया। उल्लेखनीय है कि उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक बेंगलुरु स्थित एक लघु वित्त बैंक है जिसमें उज्जीवन फाइनेंशियल सर्विसेज की 80 प्रतिशत हिस्सेदारी है। प्लेसमेंट ड्राइव के दौरान उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारियों ने ऑनलाइन टेस्ट के माध्यम से चयन प्रक्रिया शुरू करने के बाद छात्रों का साक्षात्कार लिया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह एवं आत्मविश्वास के साथ साक्षात्कार दिया। उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारी छात्रों की मानव संसाधन, विपणन और वित्त क्षेत्र से संबंधित समझ और ज्ञान से प्रभावित हुए। विद्यार्थियों की ओजस्वी भाषा एवं व्यावसायिक दृष्टिकोण के फलस्वरूप उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारियों ने एम.बी.ए. 8 विद्यार्थियों में जसप्रीत सिंह, अनामिका, रिधि हांडा, चीनू, कशिश, कोमलदीप कौर, सिमरन, सलोनी के अलावा बी.कॉम. डि रिया और बी.बी.ए. सहजपाल सिंह और तरणवीर कौर को 7 लाख रुपये सालाना पैकेज पर नौकरी के लिए चुना गया था।

बी.एफ.जी.आई. परिसर निदेशक प्रो. (डॉ.) एम.पी. पुनिया ने अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह अद्भुत उपलब्धि न केवल हमारे छात्रों की शैक्षणिक क्षमता बल्कि बीएफजीआई को भी दर्शाती है। यह प्रदान की जाने वाली शिक्षा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को भी दर्शाता है उन्होंने छात्रों को इतना शानदार प्लेसमेंट अवसर प्रदान करने के लिए उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के अधिकारियों को भी धन्यवाद दिया। चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए बी.एफ.जी.आई. चेयरमैन डॉ. गुरमीत सिंह धालीवाल ने कहा कि संस्था हर कोर्स में विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत प्लेसमेंट सुनिश्चित करने के लिए प्रयास जारी रखे हुए है। संस्थान छात्रों के समग्र व्यक्तित्व निर्माण, संचार कौशल, सेमिनार, औद्योगिक दौरे, लाइव प्रोजेक्ट, प्रशिक्षण और अतिथि व्याख्यान आदि गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने छात्रों को कुशल बनाने में संस्थान के मेहनती शिक्षकों के योगदान की सराहना की और उपरोक्त छात्रों को शुभकामनाएं दीं।



# डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा दसवीं सीबीएसई बोर्ड में शानदार प्रदर्शन करने वाले 150 से ज्यादा होनहार विद्यार्थियों का सम्मान

## समारोह में डीसीएस ग्रुप के सीईओ डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता मुख्य अतिथि के तौर पर हुए शामिल

**फिरोजपुर (नारायण धमीजा,एसएम):** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं कक्षा की परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों की हौसला अफजाई के लिए डीसीएम ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा दास एंड ब्राउन वर्ल्ड स्कूल में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया जिसमे 150 से भी ज्यादा होनहार विद्यार्थियों ने अपने अविभावको के साथ शिरकत की। समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर डीसीएस ग्रुप के सीईओ डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता विशेष रूप से शामिल हुए। यह वर्णनीय है कि बोर्ड परीक्षाओं में टॉप करने वाले सभी विद्यार्थियों को, जिन्होंने 90प्रतिशत से ऊपर अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया, उन विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए उनकी हौसला अफजाई की गई। कार्यक्रम की शुरुआत ज्योति प्रज्वलन के साथ हुई जिसके पश्चात दास एंड ब्राउन स्कूल की वी पी एकेडमिक सीता द्वारा आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया गया जिसके पश्चात परफॉर्मिंग आर्ट टीम द्वारा एक वेलकम सांग प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रिंसीपल राजेश चंदेल ने डीसीएम ग्रुप द्वारा स्कूल में विद्यार्थियों को जिस प्रकार की उच्च स्तरीय शिक्षा मुहैया करवाई जा रही है, के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए सीईओ डॉ. अनिरुद्ध गुप्ता ने विद्यार्थियों को सफलता के मूल मंत्र दिए और कहा कि हर एक विद्यार्थी को अपने लक्ष्य पर फोकस शेष पेज 7 पर

# बौबी मान की जीत तय, सिर्फ ऐलान होना बाकी : मास्टर बलविंदर सिंह गोराया व गुल्लू गोराया



**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम) :** अकाली दल के सीनियर नेता मास्टर बलविंदर सिंह गोराया व सीनियर युवा अकाली नेता गुल्लू गोराया ने शिअद प्रत्याशी नरदेव सिंह बौबी मान की जीत का दावा करते हुए कहा कि फिरोजपुर संसदीय सीट से बौबी मान शानदार वोटों के अंतर से जीत दर्ज करेंगे। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रचार के दौरान जनता का खूब प्यार व समर्थन मिल रहा है और चुनावी नतीजे शिअद के पक्ष में रहेंगे। उन्होंने कहा कि बौबी मान अपने पिता स्व. जोरा सिंह मान की तरह सांसद बनकर इलाके की सेवा करेंगे और फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र का सर्वपक्षीय विकास करेंगे। उन्होंने संसदीय क्षेत्र की जनता से शिअद प्रत्याशी बौबी मान के पक्ष में मतदान करने की अपील की है।

# आज के कलयुग में भगवान को पाने के लिए सत्संग ही एक मात्र जरिया: स्वामी विज्ञानानंद सरस्वती



**फिरोजपुर (नारायण धमीजा/वालिया):** श्री महावीर सनातन धर्म मंदिर फिरोजपुर में चल रही भागवत ज्ञान कथा में स्वामी 1008 विज्ञानानंद सरस्वती महा मंडलेश्वर जी ने वीरवार को संगतों पर प्रवचनों की वर्षा करते हुए कहा कि मनुष्य को शरीर की चिंता नहीं करना चाहिए, क्योंकि यह तो नशवर है और उसे अपना आत्मा को परमात्मा सो जौड़ना चाहिए, तांकि उसका कल्याण हो सके। उन्होंने कहा कि धन-दौलत कुछ या रिश्ते कुछ भी मानव के साथ नहीं जाता, लेकिन हरि का लिया गया नाम अंतकरण तक उसके साथ रहता है। उन्होंने कहा कि आज के कलयुग में भगवान को पाने के लिए सत्संग ही एक मात्र जरिया है, इसलिए हर मावन को सतसंग में हिस्सा लेकर उस परम पिता प्रमेशवर श्री हरि के नाम का ध्यान करना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि वेद कहते है, दुनिया ठाकुर जी ने बनाई और सब कुछ उसी ने दिया है, तो फिर जब सब कुछ उसी ने दिया है तो उसके दिए हुए को तुम अपना कैसे कह सकते हो, क्योंकि यह पाप है। इसलिए भगवान श्री हरि का नाम ही मनुष्य का अपना है, जो उसे हर समय जपना चाहिए और अपना जीवन की डूबती हुई नैया को पार लगाना चाहिए। मालूम को कि स्वामी जी ने भागवत ज्ञान कथा के दौरान भागवत के कई महत्वों को संगत के सामने रखा और उन्हें दुनियावी दोस्ती का त्याग करके भघवान से दोस्ती करने का मतलब समझाया, जिससे की वह प्रभु श्री हरि की भक्ति करके उन्हें पा सकें। इस कथा के प्रेमनाथ शर्मा, जसवंत मदान, अशोक कुक्कड़ व बहन गीता व पिंकी ने कथा में आए गणमांय एवं अन्य लोगों का अभार व्यक्त किया।

# स्वीप टीमों ने धार्मिक स्थलों, योग कक्षाओं और पार्कों में पहुंचकर लोगों को मतदान के प्रति किया प्रेरित

**फिरोजपुर (विपुल गोयल/एसएम):** रिटर्निंग अफसर लोकसभा चुनाव क्षेत्र-10 फिरोजपुर कम उपायुक्त राजेश धीमान के निर्देशानुसार जिला स्वीप नोडल अधिकारी अरुण शर्मा के नेतृत्व में जिले में लोक सभा चुनाव को लेकर मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला स्वीप टीम के सदस्यों ने फिरोजपुर, गुरुहरसहाय और जीरा के विभिन्न धार्मिक स्थलों, योग कक्षाओं और पार्कों में पहुंचकर लोगों को प्रेरित किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए चुनाव तहसीलदार चंद प्रकाश एवं जिला स्वीप कोआर्डीनेटर डा.सतिंदर सिंह ने बताया कि चुनाव कमिश्नर पंजाब के निर्देशानुसार स्वीप कोऑर्डिनेटर फिरोजपुर ग्रामीण कमल शर्मा, स्वीप कोऑर्डिनेटर गुरुहरसहाय परविंदर सिंह लालचियां और स्वीप कोऑर्डिनेटर महावीर बांसल ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लोकसभा क्षेत्र 10 फिरोजपुर में धार्मिक स्थानों, योग कक्षाओं और पार्कों का दौरा किया और लोगों को मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरुक किया।




उन्होंने लोगों से अपील की कि वह अपने परिवार के सदस्यों, दोस्तों, रिश्तेदारों को भी मतदान के लिए जागरुक करें। इस मौके पर जिला स्वीप सोशल मीडिया कोऑर्डिनेटर सरबजीत सिंह भावड़ा, राजिंदर कुमार, रवि इंदर सिंह, बलकार सिंह गिल, प्रगट गिल और चरणजीत सिंह चहल आदि मौजूद थे।

# खत्री सभा के नेतृत्व में खत्री परिवारों ने श्रद्धापूर्वक मनाया शहीद सुखदेव थापर का जन्मदिन

- खत्री सभा द्वारा शहीद सुखदेव सिंह थापर का चित्र भी सरकारी कार्यालयों में लगाने की मांग



**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो) :** खत्री सभा रजिस्टर्ड फाजिल्का के नेतृत्व में खत्री परिवारों द्वारा खत्री भवन में शहीद सुखदेव सिंह थापर का जन्मदिन श्रद्धाभाव से मनाया गया और सभी द्वारा उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा के सचिव रमेश कपूर ने समूह खत्री सभा की तरफ से पंजाब सरकार से मांग करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह की भांति शहीद सुखदेव थापर की फोटो भी सरकारी कार्यालयों व सरकारी भवनों में लगाई जाए और शहीद के जीवन व बलिदान को शिक्षा पाठ्यक्रम में शामिल कर बच्चों व नौजवानों को शहीद सुखदेव सिंह के जीवन के बारे में जानकारी दी जाए। अंत में प्रधान सुरिन्द्र मूलड़ी द्वारा सभी का धन्यवाद किया गया। इस मौके पर उपप्रधान दीपक बावा, तरूण कपूर, रमेश निखंज, परमजीत कौर, अश्विनी सहगल, संदीप कपूर, राजीव हांडा, प्रदीप हांडा, गुरविंद्र चोपड़ा, राज कुमार धवन व विनोद वढ़ेरा सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन पंजाब द्वारा श्री राम बाग वृद्ध सेवा आश्रम में मेडीकल कैंप 20 मई को

- मैडीसीटी अस्पताल फिरोज़पुर के माहिर डाक्टरों द्वारा मुफ्त मैडीकल कैंप में दी जायेंगी सेवाएं



**फिरोजपुर (नारायण धमीजा,विपुल गोयल):** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन पंजाब की और से एक मेडीकल कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जानकारी देते हुए अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता ने बताया कि मेडीकल कैंप को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन पंजाब के उपाध्यक्ष हरीश गोयल की अध्यक्षता में की गई। इस मौके पर उपाध्यक्ष हरीश गोयल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन पंजाब, अग्रवाल युवा सम्मेलन, अग्रवाल महीला सम्मेलन फिरोज़पुर छावणी द्वारा 20 मई सोमवार को मैडीसीटी अस्पताल फिरोज़पुर के माहिर डाक्टरों द्वारा मुफ्त मैडीकल कैंप श्री राम बाग वृद्ध सेवा आश्रम फिरोज़पुर छावणी में सुबह 09 बजे से दोपहर 01 बजे तक लगाया जा रहा है। इस कैंप में शुगर, बीपी, महिलाओं संबधी रोग, हड़िडयों एंव आखों का मुफ्त चैकअप कया जाएगा। इस बैठक में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मलेन के सदस्य उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन



**फिरोजपुर (पारर्थसारथी वालीया):** कार्यवाहक सिविल सर्जन डा.मीनाक्षी अबरोल के दिशा निर्देशानुसार एच.एम डी.ए.वी पब्लिक स्कूल फिरोजपुर में राष्ट्रीय डेंगू दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया तथा विद्यार्थियों के बीच डेंगू विषय से संबंधित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। सेमिनार को संबोधित करते हुए जिला महामारी विशेषज्ञ डा.शमिंदर कौर ने बच्चों, लोगों व अध्यापकों को डेंगू व मलेरिया के फैलने संबंधी जानकारी देते हुए इससे बचाव के तरीकों की जानकारी दी। इस अवसर पर जिला मास मीडिया अधिकारी संजीव शर्मा और उप मास मीडिया अधिकारी संदीप ने बताया कि हमें पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनने चाहिए और मच्छर भगाने वाली क्रीम, तेल, स्प्रे आदि का प्रयोग करना चाहिए, तांकि मच्छर हमें ना काट सके और हमारा डेंगू व मलेरिया से बचाव हो सके। इसके साथ ही उन्होंने सभी को शुक्रवार को ड्राई-डे मनाने के लिए संदेश दिया, तांकि डेंग व मलेरिया मच्छर को पैदा होने से रोका जा सके। समारोह के अंत में मुख्यातिथि जिला महामारी विशेषज्ञ डा.शमिंदर कौर ने प्रतियोगिता के विजेताओं को सर्टीफिकेट, ट्राफियां व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रिंसिपल अनूप चौहान, अध्यापक सपना चोपड़ा, शिखा मल्होत्रा, हन्नी धवन, सहायक मलेरिया अधिकारी हरमेश चंद्र, मल्टीपर्पज सुपरवाईजर नरिंदर शर्मा, शेर सिंह, दीपिंदर सिंह उपस्थित थे।

# स्वास्थ्य विभाग ने गांव डंगर खेड़ा में निकाली डेंगू जागरूकता साइकिल रैली



**फाजिल्का (मनोज नारंग):** सिविल सर्जन फाजिल्का डॉ. चंद्र शेखर के आदेशानुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी सीडीसी खुई खेड़ा डॉ. विकास गांधी की देखरेख में आज गांव डंगर खेड़ा में डेंगू जागरूकता साइकिल रैली निकाली गई। ग्रामीणों को डेंगू बीमारी के बारे में बताया।

एसएमओ डॉ. गांधी ने कहा कि डेंगू संचरण का मौसम शुरू होने से पहले डेंगू नियंत्रण, निवारक उपचार की तैयारी तेज करने और देश में डेंगू के बारे में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा हर साल 16 मई को राष्ट्रीय डेंगू दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों में डेंगू के प्रति जागरुकता लाई जा सके. उन्होंने कहा कि डेंगू का समय पर इलाज बहुत जरूरी है। जानकारी के अभाव के कारण हर साल हजारों लोग डेंगू बुखार का शिकार हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि डेंगू बुखार के मुख्य लक्षण तेज बुखार, सिरदर्द, त्वचा पर चेचक जैसे लाल धब्बे, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द, आंखों के पिछले हिस्से में दर्द आदि हैं। कुछ लोगों में डेंगू बुखार के एक या दो रूप हो सकते हैं, जो जीवन के लिए खतरा हो सकते हैं।

ब्लॉक मास मीडिया प्रभारी सुशील कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय डेंगू दिवस पर आम जनता को भी डेंगू बुखार के प्रति जागरूक रहना चाहिए और इस बीमारी से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों का पालन करते हुए डेंगू बुखार की रोकथाम में पूरा सहयोग करना चाहिए। इस रैली में रविंदर सिंह एमपीएचएस (एम), राजिंदर एमपीएचडब्ल्यू (एम), सीएचओ प्रवीण रॉय, स्कूल प्रिंसिपल श्री धर्मपाल जी और सभी स्कूल स्टाफ ने भाग लिया।

# पंजाब फुटबॉल लीग टूर्नामेंट : माफा , बठिंडा की टीम ने स्किलर फुटबॉल अकादमी , जालंधर को 6–0 से हराया



**बठिंडा , (नीरज कुमार) :** महाराजा रणजीत सिंह पंजाब टेक्निकल यूनिवर्सिटी (एमआरएसपीटीयू) , बठिंडा में पंजाब फुटबॉल लीग टूर्नामेंट सीरीज के मैच का आयोजन किया गया , इस दौरान फुटबॉल प्रेमियों का जुनून चरम पर था। एमआरएसपीटीयू खेल एवं युवा सेवा निदेशक डॉ. भूपिंदर पाल सिंह ने फुटबॉल प्रेमियों की उत्साही उपस्थिति में मैच का औपचारिक उद्घाटन किया। माफा ( मैड अबाउट फुटबॉल अकादमी) , बठिंडा ने स्किलर फुटबॉल अकादमी , जालंधर को 6-0 के शानदार स्कोर से हराकर अपना दबदबा दिखाया । दोनों टीमों द्वारा प्रदर्शित तीव्रता और जुनून ने एक सुंदर खेल का निर्माण किया। के अलावा अंडर -14 बच्चों की टीम का आकर्षक शो मैच भी दर्शकों को खूब पसंद आया।

मैच का आयोजन प्रसिद्ध फुटबॉल कोच अजयप्रीत सिंह बैहनीवाल और आलमजोत सिंह बराड़ की सावधानीपूर्वक देखरेख में भव्य तरीके से किया गया , जिन्होंने दर्शकों को एथलेटिकिज्म और खेल कौशल का मंत्रमुग्ध कर देने वाला नजारा पेश किया। एम.आर.एस.पी.टी.यू. रजिस्ट्रार डॉ . गुरिंदर पाल सिंह बराड़ ने खेल विभाग और आयोजकों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों और फुटबॉल प्रेमियों में निदेशक , शारीरिक शिक्षा , डॉ. सुखविंदर सिंह , निदेशक जनसंपर्क , हरजिंदर सिंह सिद्धू , सहायक रजिस्ट्रार , नीरज कुमार और कई अन्य उत्साही शामिल थे , जिन्होंने अपने समर्थन और उत्साह से माहौल को जीवंत बना दिया। बनाने में योगदान दियाएक महीने तक चलने वाले लीग टूर्नामेंट की शुरुआत 24 अप्रैल को यह उत्साह और प्रत्याशा के साथ आयोजित किया गया , जो 29 मई को समाप्त होगा । इस लीग टूर्नामेंट में पंजाब की सात मशहूर फुटबॉल टीमें हिस्सा ले रही हैं। एम.आर.एस.पी.टी.यू. मेजबान के रूप में, लीग 24 मई और 29 मई को श्रृंखला के दो और शानदार मैचों की मेजबानी करेगा, जिससे फुटबॉल प्रेमियों का उत्साह बढ़ जाएगा।

# हाई स्कूल आलमगढ़ के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक के जरिये मतदान के प्रति किया जागरूक



**फाजिल्का (राजीव दावड़ा):** जिला चुनाव अधिकारी-कम-डिप्टी कमिश्नर डॉ. सेनू दुग्गल के दिशानिर्देशों पर शिक्षा विभाग फाजिल्का, स्वीप टीम बल्लुआना और आशा वर्करों के सहयोग से हाई स्कूल आलमगढ़ के बच्चों ने युवा मतदाताओं और बच्चों के अभिभावकों को मतदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया।

प्रिंसिपल श्रीमती नवजोत कौर स्कूल ऑफ एमिनेंस रामसरा और प्रिंसिपल अनिल कुमार सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल भागू ने स्वीप टीम द्वारा प्रस्तुत नुक्कड़ नाटक की खुले दिल से सराहना की । इसके अलावा टीम ने इन गांवों में नुक्कड़ नाटक भी किए, जिससे ग्रामीण भी काफी प्रभावित हुए और उन्होंने वोट के अधिकार का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल करने का प्रण किया। अंत में टीम के सदस्य सीएचटी अभिजीत वधवा और एचटी अश्वनी मक्कड़ ने भी ग्रामीणों, छात्रों और स्कूल स्टाफ सदस्यों का धन्यवाद किया और उनसे चुनाव उत्सव में भाग लेने का अनुरोध किया । इस अवसर पर सीडीपीओ नवदीप कौर, स्वीप टीम लीडर बीपीईओ सतीश मिगलानी, टीम सदस्य अश्वनी मक्कड़ टीम सदस्य एवं सुखविंदर सिंह का विशेष सहयोग रहा।

# विराट कोहली ने संन्यास को लेकर दिया बड़ा बयान

**मैं जब तक खेलना जारी रखूंगा तब तक अपना बेस्ट देता रहूंगा।**



बेंगलूर (एजेंसी)। इस बार के आईपीएल सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के स्टार बल्लेबाज और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी कमाल के फॉर्म में नजर आ रहे हैं। वहीं बात करें आरसीबी की तो अभी भी उनकी प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें नजर आ रही हैं। इन सब के बीच विराट कोहली को लेकर एक बड़ा बयान सामने आया है। आरसीबी द्वारा एक पोडकास्ट में कोहली ने अपने करियर से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए, जिसमें उन्होंने अपने क्रिकेट संन्यास को लेकर भी बात की। इसके साथ ही कोहली के टी20 विश्व कप की टीम में चयन को लेकर भी कई सवाल खड़े हुए थे जिसका जवाब उन्होंने दिया।

# फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री ने लिया संन्यास



## बोले- नए लोगों को मौका देने का समय है

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारत के महान फुटबॉल आइकन सुनील छेत्री ने इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास का ऐलान किया है। सुनील 6 जून को कुवैत के खिलाफ अपना आखिरी इंटरनेशनल मैच खेलेंगे।उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी एक वीडियो पोस्ट कर संन्यास की घोषणा की और कहा कि वे कुवैत के साथ अपना अंतिम मैच खेलेंगे। वीडियो में उन्होंने अपने सफर पर बात की है और कहा कि अब नए लोगों को मौका देने का समय है। 39 साल के सुनील छेत्री ने भारत के लिए खेलते हुए कई बड़े रिकार्ड्स अपने नाम किए हैं।

**संन्यास का ऐलान के साथ याद किया अपना सफर** - सुनील छेत्री भारतीय फुटबॉल का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। उन्होंने देश के लिए 150 मैचों में 94 गोल किए। इंटरनेशनल गोलस्कोरर्स की सूची में वह इस समय चौथे स्थान पर हैं। संन्यास की घोषणा करते हुए छेत्री ने अपने सफर को याद किया और कहा, मुझे आज भी याद है जब मैंने अपना पहला मैच खेला था। मेरा पहला मैच, मेरा पहला गोल, ये मेरे सफर का सबसे यादगार पल रहा।उन्होंने कहा, मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं देश के लिए इतने मैच खेल जाऊंगा।उन्होंने आगे कहा कि जब उन्होंने संन्यास लेने का तय किया तो उन्होंने सबसे पहले अपने माता-पिता और पत्नी को इस बारे में बताया।

## अच्छे कॉलेज में दाखिले के लिए फुटबॉल से जुड़े थे शरारती सुनील छेत्री, इंस्पायर कर देगी स्टोरी

अल्हड़पन में शरारतों के शौकीन सुनील छेत्री बचपन में फुटबॉल के शौकीन नहीं थे और एक अच्छे कॉलेज में दाखिले के लिये ही खेल को जरिया बनाना चाहते थे लेकिन किस्मत में कुछ और ही लिखा था। उनके सैनिक पिता खारगा छेत्री हालांकि हमेशा से चाहते थे कि उनका बेटा पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी बने और वह हासिल कर सके जो वह खुद नहीं कर पाए।

दिल्ली में सुनील ने फुटबॉल का ककहरा सीखना शुरू किया और सिटी क्लब से 2001-02 में जुड़े। इसके बाद वह मोहन बागान जैसे दिग्गज क्लब के साथ 2002 में जुड़े। इसके बाद जो हुआ, वह भारतीय फुटबॉल के इतिहास में दर्ज हो चुका है। करीब दो दशक के स्वर्णिम करियर के बाद छेत्री ने अगले महीने कुवैत के खिलाफ विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल को अलविदा कहने का फैसला किया है।



भारत के लिए सर्वाधिक 150 मैचों में सबसे ज्यादा 94 गोल कर चुके छेत्री भारतीय फुटबॉल के गढ़ कोलकाता में खेल को अलविदा कहेंगे। वह 2005 तक मोहन बागान के साथ रहे और 18 मैचों में आठ गोल दागे। इसके बाद भारत की अंडर 20 टीम और सीनियर राष्ट्रीय टीम से जुड़े। उन्होंने 2005 में पाकिस्तान के क्वेटा शहर में पाकिस्तान के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया। उनके पिता बलोचिस्तान प्रांत में अपने बेटे की सुरक्षा की छेत्री सीनियर को काफी चिंता हो रही थी चूंकि उस समय सुनील महज 20 साल के थे। ऐसे में छेत्री ने अपने पिता को दिलासा दी।

इसके 19 साल बाद एक बार फिर छेत्री सीनियर ने राहत की सांस ली है क्योंकि उनके बेटे ने उनका हर सपना पूरा कर दिया। आंध्रप्रदेश के सिकंदराबाद में तीन अगस्त 1984 को जन्मे छेत्री को यूं तो फुटबॉल विरासत में मिला था। उनके पिता भारतीय सेना के लिए और मां सुशीला नेपाल की राष्ट्रीय टीम के लिए खेल चुकी थी। भारतीय टीम में जगह बनाने के बावजूद अपने खिलंदड़ स्वभाव के लिए मशहूर छेत्री के लिए बहुत कुछ बदल गया जब तत्कालीन कोच बॉब हॉटन ने उन्हें 2011 एशियाई कप में बाईचुंग भूटिया के संन्यास लेने के बाद कप्तानी का जिम्मा सौंपा। अब उन्हें 'बैकबेंच%' से आगे आना पड़ा।

करियर के शुरूआती दिनों में उन्हें सलाह देने के लिए भूटिया जैसे दिग्गज थे लेकिन उनके संन्यास लेने के बाद छेत्री ने अपने दम पर नए मुकाम तय किए। इतने साल में यूं तो कई प्रतिभाशाली फुटबॉलर पैदा हुए लेकिन कोई दूसरा बाईचुंग भूटिया या सुनील छेत्री नहीं निकला। मैदान पर उपलब्धियों की नई दास्तान लिखते जा रहे छेत्री ने भारतीय फुटबॉल महासंघ पर फीफा का निलंबन, उसके पदाधिकारियों और कोचों पर यौन उत्पीड़न के आरोप, भ्रष्टाचार और गुटबाजी सब कुछ देखा।

भारतीय फुटबॉल में अपना कोई वारिस नहीं देखकर छेत्री अंतरराष्ट्रीय करियर को विस्तार देने के लिए अपने दोस्त विराट कोहली की सलाह पर 'वीगन (शाकाहार और दुग्ध उत्पाद रहित खाना) हो गए। नीली जर्सी और नारंगी आर्मबैंड पहनकर पिछले दो दशक से देश के लिए दनादन गोल करते आ रहे छेत्री ने क्रिकेट के दीवाने देश में फुटबॉल को सुर्खियों में लाने का काम भी बखूबी किया है। उनके फन का लोहा भारतीय क्रिकेट के सुपरस्टार कोहली ने भी माना है जो उनके योगदान की बानगी देता है।

# पेज 3 का शेष...

## 'इस बार 70 पार' ...

संभावित गर्मी के मद्देनजर सिबिन सी ने अधिकारियों को अपने-अपने जिलों में सभी पोलिंग स्टेशनों पर जरूरी सहूलतें यकीनी बनाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि निष्पक्ष और शांतमयी चुनाव प्रक्रिया को यकीनी बनाते हुये 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं। सिबिन सी ने अधिकारियों को पोलिंग बूथों पर वोटरों की सुविधा के लिए अलग-अलग सुविधाओं जैसे कि वोटरों को आकर्षित करने के लिए गुलाबी और हरे रंग के पोलिंग बूथों के साथ-साथ नौजवानों और दिव्यांग व्यक्तियों के लिए अलग बूथ लगाने के लिए भी कहा। इसके साथ ही उन्होंने दिव्यांग वोटरों के लिए विशेष सहूलतों का प्रबंध करने के साथ-साथ राज्य भर के हर पोलिंग स्टेशन पर कम से कम एक व्हीलचेयर की उपलब्धता यकीनी बनाने के लिए भी कहा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने अधिकारियों को सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा को यकीनी बनाने और अमन- कानून की स्थिति कायम रखने के निर्देश भी दिए। इस मौके पर उन्होंने केंद्रीय बलों की तैनाती और अन्य प्रबंधों का जायजा लिया। इसके साथ ही उन्होंने जिला अधिकारियों से वोटर सूचियों की अंतिम प्रकाशना की स्थिति और वोटर स्लिपों के वितरण के प्रबंधों के बारे भी जानकारी मांगी। मीटिंग के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने आयोग की हिदायतों अनुसार पोस्टल बैलटों की प्राप्ति के प्रबंधन, स्ट्रांग रूमों में सुरक्षा प्रबंधों और सी. सी. टी. वी/ वीडीओग्राफी सैट्टअप्प के लिए उचित प्रबंधों की समीक्षा भी की। उन्होंने गिनती केन्द्रों में हरेक टेबल पर माईक्रो-ऑब्जरवर तैनात करने और काऊंटिंग हालों में उचित प्रबंध यकीनी बनाने की महत्ता पर भी जोर दिया। सिबिन सी ने गिनती केन्द्रों के अंदर और बाहर बैरीकेडिंग और गिनती केन्द्रों तक ई. वी. एम. मशीनें लेकर जाने वाले रास्तों का जायजा भी लिया। उन्होंने अधिकारियों को यह यकीनी बनाने के लिए कहा कि आयोग की हिदायतों अनुसार वी. वी. पी. ए. टी. पेपर स्लिपों की तस्दीक के लिए इन क्षेत्रों को उचित ढंग के साथ सैनीटाईज करने के लिए जरुरी कदम उठाए जाएं। उन्होंने पोलिंग स्टेशनों पर इन्टरनेट के लिए उचित प्रबंध करने के लिए भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को 'ऐनकोर' एप पर वोटर टर्न-आउट डाटा दाख़िल करने के लिए सुचारू प्रबंध करने के लिए कहते हुये दफ्तर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को वैबसाईट के द्वारा समय पर रिपोर्टें भेजने के निर्देश भी दिए जिससे पोलिंग डाटा को उचित ढंग के साथ इकट्ठा किया जा सके। इस मौके पर कानून और व्यवस्था संबंधी विशेष डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस अर्पित शुक्ला ने भी जिला पुलिस अधिकारियों को हिदायत की कि वह सभी राजनैतिक पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए एक समान माहौल यकीनी बनाने के साथ-साथ मतदान के दौरान डराने-धमकाने और भम्रित करने की कार्यवाहियों पर नजदीकी नजर रखते हुये राज्य में अमन कानून की स्थिति को कायम रखें। मीटिंग के दौरान अतिरिक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी हरीश नैयर और अभिजीत कपलिश, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी सकत्तर सिंह बल्ल और मुख्य निर्वाचन अधिकारी दफ्तर के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

## आपका वोट इस ...

क्लिनिक खोले, आपकी दवाएं मुफ्त की और सभी लोगों का इलाज मुफ्त किया। उन्होंने कहा कि जब मैं तिहाड़ जेल गया तो उन्होंने मुझे 15 दिन तक डायबिटीज की दवा इंसुलिन नहीं दी, जबकि मैं शुगर का मरीज हूं। पिछले 20 वर्षों से मैं गंभीर मधुमेह से पीड़ति हूं। पिछले 10 वर्षों से मैं इंसुलिन पर हूं। मुझे प्रतिदिन 52 यूनिट इंसुलिन दी जाती है। जब मैं तिहाड़ गया तो उन्होंने मेरा इंसुलिन इंजेक्शन 15 दिनों के लिए बंद कर दिया, जिसके कारण मेरा शुगर लेवल 300, कभी-कभी 350 से ऊपर पहुंच जाता था। अगर किसी व्यक्ति का शुगर लंबे समय तक बढ़ा हुआ रहता है, तो उसका लीवर और किडनी भी खराब हो सकता है। बीजेपी पर निशाना साधते हुए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि ये लोग संविधान बदलना चाहते हैं। इन लोगों के मन में बहुत खतरनाक मंसूबे हैं। वे बार-बार 400 का आंकड़ा पार करने की बात कह रहे हैं। लेकिन ये नहीं बता रहे थे कि 400 सीटें क्यों चाहिए? मैंने पता किया तो मालूम हुआ कि इनको ओबीसी और एससी एसटी वर्ग को मिले आरक्षण खत्म करने के लिए 400 सीटें चाहिए। केजरीवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मेरी आजादी आप लोगों के वोटों पर ही निर्भर है। आपका वोट तय करेगा कि मैं जेल से बाहर रहूंगा या दोबारा जेल जाउंगा। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक चुनाव नहीं है, यह देश का संविधान और लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है। इस बार आपको देश का संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए मतदान करना होगा।

## मुख्यमंत्री भगवंत मान ...

बिजली की समस्या दूर करने के लिए एक निजी थर्मल पावर प्लांट खरीदा और झारखंड का अपना कोल माइन दोबारा शुरू किया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए आप उम्मीदवार शैरी कलसी ने कहा कि हम जाति धर्म के नाम पर नहीं, हम अपनी सरकार के पिछले दो वर्षों में किए कामों के नाम पर वोट मांग रहे हैं। लोग आप सरकार के कामों से काफी प्रभावित हैं। मैं प्रचार के लिए जहां भी जाता हूं जनता खुद बोलती है कि जो काम 75 सालों में नहीं हुए वो काम मान सरकार ने सिर्फ दो साल में कर दिए।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल ...

सामाजिक सेवा, पर्यावरण, खेलों, कला व संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी आदि क्षेत्र में कोई नयी खोज की हो, कोई संशोधन किया हो या कोई वीरतापूर्ण/उपलब्धिपूर्ण कार्य किया हो। उन्होंने बताया कि बाल पुरस्कार से संबंधित आवेदन पत्र 31 जुलाई 2024 तक केवल ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही भरे जाने हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए बच्चे की उम्र 5 साल से कम और 18 साल से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल की वेबसाइट लिंक पर आवेदन किया जा सकता है।

## सीएचसी खुईखेड़ा के ...

एसएमओ डॉ. गांधी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा आज नेशनल डेंगू दिवस मोके ब्लाक के सभी गावों के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के बच्चों तथा आम लोगों ख़ासकर हाई रिस्क एरिया जैसे भट्ठा, झुग्गी झोपड़ी आदि में रहने वाले लोगों को डेंगू बुख़ार के प्रति जागरूक किया गया। स्वास्थ्य कर्मियों दुआरा डेंगू बीमारी के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि डेंगू से बचने के लिए अपने घरों के आसपास व घरों में रखे खाली बर्तनों में साफ पानी अधिक दिनों तक जमां न रहने दें क्योंकि डेंगू का मच्छर गंदे नहीं बलिक साफ पानी पर पनपता है और दिन के समय काटता है। जिससे सिर दर्द व तेज बुख़ार होता है, ऐसा होने पर तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर डॉक्टर को दिखाए। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग दुआरा सप्ताह में एक दिन शुक्रवार को ड्राई डे घोषित किया हुआ है, उस दिन घरों में रखे कूलरों, गमलों व फ्रिजों की ट्रे को साफ जरूर करें, ऐसी सावधानियां बरतकर ही हम डेंगू से बच सकते हैं।उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों दुआरा प्रतिदिन गावों में घर-घर जाकर उनके फ्रिज की ट्रे, गमलों आदि में खड़े पानी की जाँच की जा रही है। ताकि डेंगू के करवे को वही पर ही नष्ट किया जा सके। इस बारे ब्लाक मास मीडिया इंचार्ज सुशील कुमार ने बताया कि आज नेशनल डेंगू दिवस की गतिविधियां ब्लाक के सभी मेडिकल अफ़सर तथा हेल्थ सुपरवाईज़र लखविंदर सिंह, रज़िंदर सुथार , रविंदर सिंह, राजीव जासूजा, इंदरजीत सिंह की देखरेख में समूह हेल्थ वर्करों ने करवाई।

## विवादों में चल रही ...

रही गांव हररायपुर की सरकारी गौशाला में आज गौ सेवा आयोग के चेयरमैन अशोक कुमार सिंगला हालातों का जायजा लेने पहुचें, जहां बठिंडा के सामाजिक कार्यकर्ता भी गौवंश की स्थिति लेकर उनके पास पहुंचे। जहां हररायपुर गौशाला सुधार समिति ने गायों की मौजूदा संख्या को रिपोर्ट बताते हुए घोटाले की आशंका जताई और तत्काल गिनती कराने का अनुरोध किया। गौ आयोग के चेयरमैन को गौवंश की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया। जहां आयोग के चेयरमैन ने तुरंत समाजसेवियों को साथ लेकर नगर निगम के अधिकारियों को गौ वंश की गिनती करने की जिम्मेदारी सौंपी। वहीं स्थिति को सुधारने के लिए डिप्टी कमिश्नर बठिंडा से मिलने पहुंचे। लेकिन चेयरमैन के जाते ही नगर निगम के अधिकारी बिना गिनती किए ही चले गए। जहां संगठनों ने अधिकारियों से गिनती न कराने का कारण पूछा तो नगर निगम अधिकारियों ने कहा कि कमिश्नर द्वारा काउंटिंग न करने का आदेश दिया गया है। संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने बताया कि नगर निगम की 19 अप्रैल 2024 की रिपोर्ट के अनुसार गौशाला में 987 गायें थीं. और निगम की रिपोर्ट के अनुसार आज भी 935 गौवंश मौजूद हैं। जब संस्थाओं ने खुद ही सब शेडों की अकेले अकेले गिनती की तो एक और घोटाला सामने आया। जबकि गौशाला में करीब 766 गायें ही हैं। यानी प्रतिदिन करीब 200 गायों का आहार खर्च अधिक लेने के लिए नगर निगम अधिकारियों की मिलीभगत से फर्जी रिपोर्ट भेजी जा रही है, मौजूदा गायों को भी अच्छा आहार नहीं मिल पा रहा है। जिससे गौवंश तड़प-तड़प कर मर रहा है। जिसका जिला प्रशासन दोषी है। जिससे एक बड़े घोटाले का खुलासा होता है। सुधार समिति ने कहा कि अगर गोवंश में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें मजबूरन संघर्ष का तीखा रास्ता अपनाना पड़ेगा।

## कांग्रेस में है देश के ....

कांग्रेस की तुलना में भाजपा शासन में भारत मजबूत हुआ है, पर पलटवार करते हुए तिवारी ने कहा कि मौखिक रूप से हां, लेकिन व्यावहारिक तौर पर नहीं, क्योंकि वास्तव में यह कमजोर हुआ है। इस दौरान उन्होंने चीन द्वारा भारत की जमीन पर कब्जा करने और भाजपा नेतृत्व द्वारा डरपोक चुप्पी साधने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान ही स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने पाकिस्तान को दो भागों में विभाजित किया था और एक नया देश बांग्लादेश बनाया था। उन्होंने कहा कि श्रीमती गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता व अखंडता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। तिवारी, जिनके पिता प्रोफेसर विश्वनाथ तिवारी की भी पंजाब में आतंकवाद के दौरान पंजाब के उग्रवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी, ने भाजपा नेतृत्व को एक भी ऐसा उदाहरण बताने की चुनौती दी, जहां उनके नेताओं ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी हो या देश को गौरवान्वित किया हो। उन्होंने कहा कि सुरक्षित दूरी से भारत माता की जय जैसे नारे लगाना और वास्तव में ऐसा करना दोनों अलग-अलग बातें हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वास्तव में भारत माता को विजयी बनाने में विश्वास करती है, जैसा कि उसने 1971 में किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ही देश को आजादी दिलाई और फिर 500 से ज्यादा रियासतों को एक राष्ट्र में एकीकृत किया। जबकि उस समय भाजपा का जन्म भी नहीं हुआ था और वे अभी भी कांग्रेस के योगदान पर सवाल उठाने की हिम्मत रखते हैं।

**कांग्रेस की गारंटियों को दोहराया** - मोटर मार्केट में अपनी पदयात्रा के दौरान तिवारी ने जन कल्याण के लिए अपनी पार्टी की गारंटियों को दोहराया। उन्होंने कहा कि 4 जून के बाद इंडिया सरकार के सत्ता में आने पर गरीब परिवारों को दिया जाने वाला मुफ्त राशन दोगुना कर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि हर गरीब परिवार की सबसे बड़ी महिला सदस्य को हर महीने परिवार के बैंक खाते में सीधे 8500 रुपये मिलेंगे। तिवारी ने 'पहली नौकरी पक्की' गारंटी का भी जिक्र किया, जिसके तहत हर नए स्नातक और डिप्लोमा धारक को एक साल के लिए गारंटीशुदा अप्रेंटिसशिप मिलेगी और उस अवधि के लिए एक लाख रुपये की निश्चित आय होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा की जुमलेबाजी के विपरीत तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस की राज्य सरकारों ने सत्ता संभालने के कुछ ही दिनों के भीतर लोगों से किए गए वादे पूरे कर दिए हैं। इस क्रम में, 4 जून, 2024 के बाद जब भारत सरकार सत्ता में आएगी, तो केंद्र में भी ऐसा ही होगा। इसी तरह, तिवारी ने सैक्टर 40 सी और डी में पदयात्रा के दौरान स्थानीय निवासियों और दुकानदारों से मुलाकात की। जहां उन्होंने लोगों की समस्याओं को जाना और जल्द ही उनके हल का भरोसा दिया।

**सैक्टर 47 डी में बैठक** - सैक्टर 47 डी में उन्होंने पार्षद जसबीर सिंह लाडी द्वारा आयोजित पब्लिक मीटिंग को भी संबोधित किया और लोगों के विचारों को जाना। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार आने के बाद लोगों की समस्याओं का पहल के आधार पर हल किया जाएगा।

**लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में फतवा देगी जनता: काकड़** - देंगे। उन्होंने कहा कि पूरे पंजाब में भाजपा की लहर चल रही है। हर संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशियों को लोगों का भरपूर समर्थन और प्यार मिल रहा है।

## एक अध्यापक द्वारा अपने ...

था जिसके चले जाने से साहित्य जगत को एक बड़ी क्षति हुई है जिसकी पूर्ति नहीं हो सकती। उनके चले जाने से जहां परिवार को एक बड़ी हानि हुई है वहीं पंजाब और देश को भी एक बड़ा नुकसान हुआ है।'' डॉ. जग्गी जो डॉ. सुरजीत पातर की एम.ए. की पढ़ाई में अध्यापक थे, ने लिखा, ''मुझे हमेशा इस बात पर गर्व रहेगा कि सुरजीत पातर मेरा विद्यार्थी था। एक अध्यापक के लिए इससे बड़ी बात क्या होगी कि उसकी पहचान उसके विद्यार्थियों द्वारा की जाये।''

डॉ. जग्गी ने कहा कि सुरजीत पातर जहाँ महान शायर थे वहीं विद्यार्थी जीवन में नम्रता, सरलता और विनम्रता जैसे गुणों के मालिक थे। सुरजीत पातर ने ये गुण शोहरत की बुलन्दियों को छूने के बाद भी नहीं छोड़े जिनके वह ख़ुद गवाह हैं। उन्होंने कहा कि सुरजीत पातर ने अपने लेखों द्वारा पंजाबी मातृभाषा का मान बढ़ाया और आजीवन पंजाब, पंजाबी और पंजाबियत के संरक्षक रहे। डॉ. जग्गी ने परिवार के साथ दुख साझा करते हुए कहा कि ईश्वर उनको अपने चरणों में स्थान दें तथा परिवार, साहित्य जगत और उनको चाहने वाले अनेकों साहित्य प्रेमियों को ईश्वरीय आदेश मानने का बल प्रदान करें।

# पेज 6 का शेष...

## डीसीएम ग्रुप ऑफ ...

रखना चाहिए और लगातार परिश्रम करते रहना चाहिए जिससे मंजिल खुद ब खुद उनकी तरफ बढ़ती चली आएगी । उन्होंने कहा कि डीसीएम ग्रुप ऑफ़ स्कूल्ज द्वारा समय- समय पर विद्यार्थियों के लिए ऐसे प्रोग्राम चलाये जाते हैं जिससे उनको प्रतियोगितात्मक परीक्षाओं में बेहतरीन रूप से तयारी करने का अवसर मिलता हैं। उन्होंने यह आशा जताई कि सभी विद्यार्थी जीवन में एक अच्छे नागरिक के रूप में स्थापित होंगे तथा अपने माता -पिता, अध्यापक व देश का नाम रोशन करेंगे । इस अवसर पर प्रिंसिपल डीसीएमसी याचना चावला, प्रिंसिपल डीसीएम इंटरनेशनल स्कूल अनुराधा चंदेल, प्रेमानंद हेड सेकेंडरी एजुकेशन, मनीष बांगा डिप्टी प्रिंसिपल, वीपी एकेडमिक राजेश बेरी व सीता, अंजू राजपूत एवीपी एकेडमिक, अनीत एवीपी एकेडमिक, मनजिंदर सिंह व धीरज आनंद, एकेडमिक कोऑर्डिनेटरस व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद थे।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, फिरोजपुर द्वारा नीचे दिये गए कार्य के लिये योग्य और पंजीकृत बोलीदाताओं से फिरोजपुर मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित किया गया है:-

| नीलामी सूची सं. | नीलामी शुरू होने का समय और तारीख | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| EAFZR-PACKING-1 | 03.06.2024 को 11:00 बजे | लुधियाना, जालंधर सिटी और पठानकोट कैंट मे दो पहिया वाहनों और अन्य पार्सल पैकेजों की पैकिंग के लिए अनुबंध का आवंटन। |
| EAFZR-SLR24-21 | 10.06.2024 को 11:00 बजे | गाड़ियों में पार्सल स्पेस को लीज पर देने का ठेका (ट्रेन नंबर/एसएलआर कम्पार्टमेंट): 22126-F1, 12716-F1, 14650-F1, 16318-F1, 22706-F1 |

विस्तृत जानकारी और पंजीकरण के लिए कृपया रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1487/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/टी.आर.डी., उ.रे., फिरोजपुर के लिए और भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदाएं अंतिम तिथि 07.06.2024 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारक अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तारीख 07.06.2024 को 15.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैनुअल प्रस्ताव इस निविदा के लिए मान्य नही है।

| टेंडर संख्या | कार्यों का विवरण | अनुमानित लागत (Rs) | टेंडर की कीमत (Rs) | निविदा समापन तिथि व समय | बयाना राशि (Rs) | कार्य की अवधि | टेंडर खुलने की तिथि एवं समय | वेबसाइट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 606-टीआरडी-फिरोजपुर 2024-25 | फिरोजपुर मंडल में 27 गुड्स शेडों के उन्नयन/सुधार में टीआरडी कार्य। | ₹ 2,17,39,534.05 | शून्य | 07.06.2024 15.00 बजे तक | 2,58,700/- | 09 माह | 07.06.2024 15.00 बजे के बाद | www.ireps.gov.in |

# निविदाकर्ता कृपया ध्यान दें कि बोली सुरक्षा के बिना प्राप्त प्रस्ताव या तो ई-पेमेंट गेटवे के माध्यम से नकद में या भारत के किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक से बैंक गारंटी बांड के रूप में या निविदा दस्तावेजों में उल्लिखित (अनुलग्नक-21 के अनुसार) एक अवधि के लिए वैध हैं। बोली की वैधता अवधि के बाद 90 दिनों के लिए अपूर्ण और अमान्य प्रस्ताव के रूप में माना जाएगा और जिसके लिए ठेकेदार का रेलवे पर कोई दावा नहीं होगा। सं. 606-टी.आर.डी.-फिरोजपुर-2024-25 दिनांक : 16.05.2024 1488/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, फिरोजपुर द्वारा नीचे दिए गए कार्य के लिये योग्य और पंजीकृत बोलीदाताओं से फिरोजपुर मंडल में ई-नीलामी आमंत्रित किया गया है:

| नीलामी सूची सं. | नीलामी शुरू होने का समय और तारीख | कार्य का नाम |
|---|---|---|
| EAFZR-SLR24-19 | 29.05.2024 को 11:00 बजे | गाड़ियों में पार्सल स्पेस को लीज पर देने का ठेका (ट्रेन नंबर/एसएलआर कम्पार्टमेंट): 22446-F1, 20498-F1, 14632-R1, 14632-F1, 18310-F1 |
| EAFZR-SLR24-20 | 31.05.2024 को 11:00 बजे | गाड़ियों में पार्सल स्पेस को लीज पर देने का ठेका (ट्रेन नंबर/एसएलआर कम्पार्टमेंट): 20808-F1, 12266-F1, 14682-F1 |

विस्तृत जानकारी और पंजीकरण के लिए कृपया रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 1477/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक कार्यालय
प्रधान कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली 110001
Mail ID: salenr365@gmail.com

संख्या: 117-एस/सेल/ऑक्शन प्रोग्राम/2024-25 दिनांक: 16.05.2024

**उत्तर रेलवे के मई-2024 नीलामी कार्यक्रम में शुद्धिपत्र**

मई-2024 के महीने के लिए नीलामी कार्यक्रम की संशोधित तिथियां निम्नानुसार होगी :

| सं. | डिपो | मौजूदा | ई-नीलामी के लिए संशोधित तारीख |
|---|---|---|---|
| 1 | आलमबाग/लखनऊ 0522-2451257 | 20.05.2024 | 29.05.2024 |

अन्य सभी नीलामी तिथियां तथा निबंधन एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। ई-नीलामी से संबंधित अधिक जानकारी के लिए रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं।

1489/2024 (अनिल कुमार राय) उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/एस एवं पी

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

मण्डल अभियंता- ट्रैक, फिरोजपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित ई-निविदा, अंतिम तिथि 11.06.2024 समय 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। निविदाकर्ता अपने मूल/संशोधित निविदा बंद होने की तिथि तथा समय तक प्रस्तुत कर सकते हैं। मैन्युअल निविदा मान्य नहीं है और ऐसे किसी भी मैन्युअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा। ठेकेदार निविदा पत्र की बयाना राशि की जगह "निविदा सुरक्षा घोषणा पत्र" निर्धारित प्रारूप में निविदा के साथ ई-पोर्टल पर संलग्न करेगा।

| निविदा प्रकार | निविदा अनुभाग | बोली प्रणाली |
|---|---|---|
| खुला | कार्य | एकल बोली प्रणाली |
| निविदा अपलोड करने की तिथि | बोली शुरू की तिथि | बोली समापन की तिथि तथा समय |
| 16.05.2024 | 28.05.2024 | 11.06.2024/ 15:00 बजे |

| क्र. सं. | निविदा संख्या | निविदा का विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 45-2024-25-Track-DRM-FZR | फिरोजपुर मण्डल में एफआरएम द्वारा छोड़े गए शेल्डर गिट्टी की स्क्रीनिंग के संबंध में प्री एवं पोस्ट अटेंशन कार्यों के संबंध में विविध ट्रैक कार्य। |

| विज्ञापन मूल्य (रू.) | ऑफर की वैधता | समापन की अवधि |
|---|---|---|
| 89,98,335.92/- | 60 दिन | 12 महीने |

समान प्रकृति का कार्य- पूर्ण ट्रैक नवनीकरण/पूर्ण रेलवे नवीनीकरण/पूर्ण फिटिंग नवीनीकरण/पूर्ण टर्न आउट नवीनीकरण, की गहरी जाँच, ट्रैक के उठान/छनाई, डिस्ट्रेसिंग, ट्रैक मेंटेनेंस मशीन के पूर्व तथा बाद के कार्य तथा टी-28 मशीन से टर्न आउट नवीनीकरण का कार्य।

नोट:- 1. निविदा डालने से पहले, निविदाकर्ता निविदा के संबंध में जारी किए गए किसी भी शुद्धिपत्र की जाँच करेंगे। 2. हिन्दी में किसी भी त्रुटि हेतु अंग्रेजी वर्जन का अवलोकन करें तथा अंग्रेजी वर्जन ही मान्य होंगे।

सं.: 45-2024-25-TRACK-DRM-FZR दिनांक: 16.05.2024 1486/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


Postal Regd. No. FZR/03/2022-24 RNI NO. PUNHIN 2004/16599 स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक राकेश नागपाल के लिये चंपक प्रिंटर्स डेरा सच्चा सौदा रोड़, फाजिल्का, जिला फाजिल्का से मुद्रित और सामने मुख्य डाकघर फाजिल्का, जिला फाजिल्का से प्रकाशित, संपादक मनोज नागपाल। मो. 9779000122, 9592500112 01638-264200 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों का चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरादायी तथा समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र फाजिल्का में होगा। Postal Regd. No. FZR/03/2022-24




# मलोट चौंक पर फ्लाई ओवर के नीचे स्थित फलों और जूस की तीन दुकानों में आग लगने से लाखों का नुकसान

## दुकानों में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर हुआ राख, आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा



**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** मलोट चौंक पर फ्लाई ओवर के नीचे स्थित फलों और जूस की तीन दुकानों में आग लग गई। इस घटना में दुकानों में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। दुकान मालिकों का कहना है कि तीनों दुकानों में आग की इस घटना से लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। दुकानों में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

बजाज जूस बार के संचालक साजन ने इस घटना की जानकारी देते हुए बताया कि बीती रात में ये हादसा हुआ है। उन्होंने कहा कि दुकान के पीछे बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। आशंका है कि उसी में हुए शॉर्ट सर्किट के कारण दुकानों में आग लगी है। दुकान में रखे फ्रिज, फल, कोल्ड ड्रिंक और सीसीटीवी कैमरे सहित अन्य सामान जलकर राख हो गया है। उन्होंने बताया कि उनका करीब 2 से 3 लाख का नुकसान हुआ है।

इतना ही नहीं इनके साथ लगती बजाज कन्फेक्शनरी की दुकान में भी आग लग गई। जिसके कारण उनकी दुकान में रखा लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। वहीं एक अन्य फलों की दुकान में भी आग लग गई थी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने आग पर काबू पाया। फिलहाल दुकान मालिकों द्वारा आग से हुए नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। वहीं इस मामले की भी जांच की जा रही है कि ये आगजनी की घटना किस कारण हुई है। फायर बिग्रेड के कर्मचारियों ने रात्रि मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया।



## पंजाब में आम आदमी पार्टी की एकतरफा जीत होगी: काका कंबोज

**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** फिरोजपुर से लोकसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार जगदीप सिंह काका बराड़ ने एक बयान जारी कर कहा कि उन्होंने बड़े अंतर से जीत हासिल कर, पार्टी सुप्रीमो, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह को मान के सपनों का पंजाब बनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि जो काम टकसाली पार्टी पिछले 75 सालों में नहीं कर पाई, वह काम आम आदमी पार्टी ने किए हैं। इसके साथ ही 42000 बेरोजगार युवाओं को रोजगार, 90 प्रतिशत लोगों को मुफ्त बिजली सेवा, मोहल्ला क्लिनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सेवा प्रदान की है। लोगों को कई सुविधाएं मिल रही हैं और चुनाव जीतने के बाद कई सुविधाएं मिलने वाली हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की एकतरफा जीत होगी क्योंकि उसके मुकाबले में कोई पार्टी नहीं है, क्योंकि दूसरी पार्टियों के पास वोट मांगने के लिए कोई मुद्दा नहीं है।

# जिला सत्र न्यायाधीश माननीय जतिंद्र कौर ने समर्थ एवं उद्धव आवास का किया निरीक्षण

## आश्रम प्रबंधकों को कुछ जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए, वहां रहने वाली बेटियों से बातचीत कर सुनी समस्याएं





**अबोहर (दीपक मेहता):** रिटायर्ड आईएएस अधिकारी मैडम सुमेधा कटारिया की सद्प्रेरणा से श्री बाला जी मानव सेवा समिति द्वारा नई आबादी गली नं. 18 में संचालित समर्थ एवं उद्धव आवास का गत दिवस जिला एवं सत्र न्यायाधीश माननीय जतिंद्र कौर ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ आश्रम प्रबंधक आदि भी विशेष तौर पर मौजूद थे।

सांय करीब पांच बजे आश्रम में पहुंची माननीय न्यायाधीश का आश्रम प्रबंधकों ने स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने वहां रह रही बेटियों व माताओं से बातचीत करते हुए आश्रम की रसोई, शयनकक्ष की साफ-सफाई व अन्य सुविधाओं को हर पहलू से देखा। इस दौरान उन्होंने आश्रम प्रबंधकों को कुछ जरूरी दिशा निर्देश जारी करते हुए कहा कि यहां रह रही बेटियों की मूलभूत जरूरतों का विशेष ध्यान रखा जाएं। इसके बाद उन्होंने आश्रम में रहने वाली बेटियों से बातचीत कर उनकी बातों को गौर से सुना। इस मौके पर श्री बाला जी मानव सेवा समिति के प्रधान रजत लूथरा, महासचिव भीम चचान, मैडम रजनी लूथरा, मैडम आरती चचान, मैडम अमन, पूजा चराया और पूजा वाटस आदि उपस्थित थे।





## आधार कार्ड नवीनीकरण व अन्य सुधार संबंधी डाकघर में विशेष सहायता विंडो शुरू

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** आधार कार्ड नवीनीकरण व किसी भी तरह की तबदीली करवाने हेतु स्थानीय डाकघर में एक विशेष सहायता विंडो खोली गई है। इस चुनावी उत्सव के माहौल में अपने वोट का इस्तेमाल करने के लिए आधार कार्ड का भी महत्व है। डाकघर के पोस्टमास्टर ने समूह नगर वासियों से अपील करते हुए कहा है कि पुराने आधार कार्ड में कोई त्रुटि को ठीक करवाने एवं नया कार्ड बनाने के लिये इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।



# शिअद नेता दविन्द्र बब्बल द्वारा इलाका वासियों से बौबी मान के पक्ष में मतदान करने की अपील

**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम) :** शिअद नेता दविन्द्र बब्बल द्वारा लधूवाला नहर पर चुनाव प्रचार करते हुए वोटरों से शिअद प्रत्याशी नरदेव सिंह बौबी मान के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई। श्री बब्बल ने कहा कि फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र के सर्वपक्षीय विकास के लिये बौबी मान को जिताना जरूरी है क्योंकि इलाके का विकास सिर्फ शिअद ही कर सकती है। आम आदमी पार्टी ने भी दो साल पहले चुनावों के समय कई सब्जबाग दिखाए लेकिन आज तक एक भी वायदे को पूरा नहीं किया। उन्होंने कहा कि शिअद प्रत्याशी बौबी मान को सांसद बनाने के बाद इलाके में कोई समस्या शेष नहीं रहेगी।

## कांग्रेस नेता गोल्डी सामा लोकसभा फिरोजपुर आबर्जवर नियुक्त

### सामा ने धन्यवाद करते कहा, सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी तनदेही से निभाऊंगा



**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** कांग्रेस हाईकमान द्वारा सीनियर कांग्रेस नेता गोल्डी सामा को लोकसभा फिरोजपुर का आबर्जवर नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि श्री सामा लंबे समय से कांग्रेस से जुड़कर पार्टी की सेवा कर रहे हैं और उनका इलाके में कांग्रेस को संगठित करने में बहुत बड़ी भूमिका रही है। इस मौके पर श्री सामा ने कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फिरोजपुर संसदीय क्षेत्र पंजाब की सभी 13 सीटों पर कांग्रेस जीत दर्ज करेगी। उन्होंने कहा कि वो अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभायेंगे।

# एक बार फिर चमका लायंस क्लब जलालाबाद गोल्ड. दीवान शहजाद दहूजा बने रीजन चेयर पर्सन

**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** डिस्ट्रिक 321 एफ के डिस्ट्रिक कान्वैंशन में हुए चुनाव में एमजीएफ लायन रविंद्र सग्गड़ ने अपनी 2024 -25 की टीम अनाउंस की जिसमें लायंस क्लब जलालाबाद गोल्ड के लायन शहजाद दीवान को रीजन 1 का रीजन चेयरपर्सन घोषित किया। इस मौके पर क्लब के प्रधान लायन वरिंदर नागपाल, डिप्टी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन हरिंदर सिंह कुक्कड़, क्लब कैशियर रमेश मक्कड़ , लायन रमन गगनेजा, लायन हैप्पी काठपाल, लायन विशाल सेतिया, लायन गौतम कलूचा, लायन सुनील रंगबुल्ला मौजूद थे। क्लब के सभी लीडर्स ने लाइन रविंद्र सगर को चुनाव में जीतने पर बधाई दी एवं लायन दीवान शहजाद दहूजा को रीजन चेयरपर्सन घोषित करने पर धन्यवाद किया। क्लब के प्रधान वरिंदर मोहन नागपाल ने कहा की बहुत ही शानदार रहा है शहजाद का लनिज़्म में सफर मात्र 6 साल में ही ऐसा पद मिलना उसकी मेहनत और लगन को दर्शाता है। उन्होंने 2019-20 में लायंस क्लब को ज्वाइन किया और 2020-21 में कैशियर का पद संभाला,2021-22 में क्लब के सचिव के रूप में काम किया, 2022-23 में क्लब का अध्यक्ष बन क्लब को नई दिशा में लेकर गए, 2023- 24 में जॉन चेयरपर्सन के पद से अपना कार्य कर रहे हैं।



1 जुलाई 2024 से रीजन चेयरपर्सन का पद संभालेंगे जिसमें लायंस क्लब जलालाबाद गोल्ड का हर एक मेंबर पूरा सहयोग करेगा। शहजाद दीवान ने समूह पदाधिकारियों व सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा वो विश्वास दिलाते हैं कि उनके कार्यकाल में मैं अपने तन मन धन से काम करूंगा एवं रीजन वन को ऊपर लेकर जाऊंगा

# पुलिस में भर्ती करवाने के नाम पर दो लोगों से मारी 80 लाख रुपए की ठगी

## पुलिस ने अमन स्कोडा व उसके रिश्तेदार पर दर्ज किया धोखाधड़ी का पर्चा

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** फाजिल्का में 2 लोगों को पुलिस में भर्ती करवाने के नाम 80 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। थाना वैरोका के एएसआई सुरेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मार्च 2024 को मनजिंदर सिंह और कुलदीप सिंह द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी जिसकी पड़ताल करने के बाद दो मुकदमें दर्ज किए गए है। एक मुकदमे में आरोप है कि जिला श्री फतेहगढ़ साहिब के रहने वाले शिकायतकर्ता मनजिंदर सिंह के दोस्त के साथ झूठा पुलिस में भर्ती करवाने का झांसा देकर 10 लाख रुपए की ठगी मारी गई है। जबकि दूसरे मुकदमे में तहसील बसी पठाना जिला श्री फतेहगढ़ साहिब के रहने वाले कुलदीप सिंह के लड़के को पुलिस में भर्ती करवाने का झूठा झांसा देकर पहले 30 लाख तो फिर 40 लाख और की ठगी मारी गई। यानी दोनों मुकदमा में करीब 80 लाख की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने अमन सकोड़ा व उसके रिश्तेदार बताए जा रहे सतबीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। बता दें कि अमन स्कोडा को पहले ही फाजिल्का पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया जा चुका है। जिस पर फाजिल्का सहित पंजाब भर में धोखाधड़ी व ठगी के कई मुकदमे दर्ज है। पुलिस अधिकारी सुरेश कुमार का कहना है कि आरोपी अमन स्कोडा को प्रोडक्शन वारंट पर जेल से लाया जाएगा जिससे पूछताछ की जाएगी जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है।



## पंजाब के सभी सरकारी, प्राइवेट, एडेड और मान्यता प्राप्त स्कूलों में एक जून से होंगी गर्मी की छुट्टियां

**फाजिल्का (सरहद केसरी ब्यूरो):** पंजाब के सभी सरकारी, प्राइवेट, एडेड और मान्यता प्राप्त स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 1 जून से होंगी। शिक्षा विभाग की तरफ से यह फैसला लिया गया। स्कूल 30 जून तक बंद रहेंगे। शिक्षा विभाग की तरफ से इस संबंधी आदेश जारी कर दिए गए हैं। विभाग द्वारा जारी लैटर में लिखा गया है कि शिक्षा मंत्री की मंजूरी के आदेश जारी किए गए हैं। इस आदेश की कॉपी सभी जिलों को भेज दी गई हैं। नियम तोड़ने पर विभाग ,द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

# बौबी मान की धर्मपत्नी मनप्रीत कौर मान ने दशमेश नगरी में किया चुनाव प्रचार

## नगर कौंसिल पूर्व प्रधान ममता वलेचा विशेष रूप से रहे मौजूद



**जलालाबाद (बिट्टू डूमड़ा/शिवम):** शिअद प्रत्याशी नरदेव सिंह बौबी मान की धर्मपत्नी मनप्रीत कौर मान द्वारा दशमेश नगरी में चुनाव प्रचार के दौरान कई परिवारों को शिअद में शामिल किया गया। इस मौके पर नगर कौंसिल पूर्व प्रधान ममता वलेचा, संतोष जिंदल सर्कल प्रधान, टिक्कन परूथी व रोहित गुडालिया की हाजरी में कई गणमान्यों को शिअद में शामिल किया गया। इस मौके पर श्रीमती मनप्रीत कौर मान ने कहा कि आज जो परिवार शिअद में शामिल हुए हैं, उन्हें पूरा मान सम्मान दिया जायेगा।